*Further recalling* Article I of the Constitution, which assigns to UNESCO among other purposes that of recommending "such international agreements as may be necessary to promote the free flow of ideas by word and image",

*Referring* to the provisions relating to cultural diversity and the exercise of cultural rights in the international instruments enacted by UNESCO, [1]

*Reaffirming* that culture should be regarded as the set of distinctive spiritual, material, intellectual and emotional features of society or a social group, and that it encompasses, in addition to art and literature, lifestyles, ways of living together, value systems, traditions and beliefs,[2]

*Noting* that culture is at the heart of contemporary debates about identity, social cohesion, and the development of a knowledge-based economy,

*Affirming* that respect for the diversity of cultures, tolerance, dialogue and cooperation, in a climate of mutual trust and understanding are among the best guarantees of international peace and security,

*Aspiring* to greater solidarity on the basis of recognition of cultural diversity, of awareness of the unity of humankind, and of the development of intercultural exchanges,

*Considering* that the process of globalization, facilitated by the rapid development of new information and communication technologies, though representing a challenge for cultural diversity, creates the conditions for renewed dialogue among cultures and civilizations,

*Aware* of the specific mandate which has been entrusted to UNESCO, within the United Nations system, to ensure the preservation and promotion of the fruitful diversity of cultures,

*Proclaims* the following principles and adopts the present Declaration:

## IDENTITY, DIVERSITY AND PLURALISM

### *Article 1 – Cultural diversity: the common heritage of humanity*

Culture takes diverse forms across time and space. This diversity is embodied in the uniqueness and plurality of the identities of the groups and societies making up humankind. As a source of exchange, innovation and creativity, cultural diversity is as necessary for humankind as biodiversity is for nature. In this sense, it is the common heritage of humanity and should be recognized and affirmed for the benefit of present and future generations.

### *Article 2 – From cultural diversity to cultural pluralism*

In our increasingly diverse societies, it is essential to ensure harmonious interaction among people and groups with plural, varied and dynamic cultural identities as well as their willingness to live together. Policies for the inclusion and participation of all citizens are guarantees of social cohesion, the vitality of civil society and peace. Thus defined, cultural pluralism gives policy expression to the reality of cultural diversity. Indissociable from a democratic framework, cultural pluralism is conducive to cultural exchange and to the flourishing of creative capacities that sustain public life.

### *Article 3 – Cultural diversity as a factor in development*

Cultural diversity widens the range of options open to everyone; it is one of the roots of development, understood not simply in terms of economic growth, but also as a means to achieve a more satisfactory intellectual, emotional, moral and spiritual existence.

## CULTURAL DIVERSITY AND HUMAN RIGHTS

### *Article 4 – Human rights as guarantees of cultural diversity*

The defence of cultural diversity is an ethical imperative, inseparable from respect for human dignity. It implies a commitment to human rights and fundamental freedoms, in particular the rights of persons belonging to minorities and those of indigenous peoples. No one may invoke cultural diversity to infringe upon human rights guaranteed by international law, nor to limit their scope.

***Article 5 – Cultural rights as an enabling environment for cultural diversity***

Cultural rights are an integral part of human rights, which are universal, indivisible and interdependent. The flourishing of creative diversity requires the full implementation of cultural rights as defined in Article 27 of the Universal Declaration of Human Rights and in Articles 13 and 15 of the International Covenant on Economic, Social and cultural Rights. All persons should therefore be able to express themselves and to create and disseminate their work in the language of their choice, and particularly in their mother tongue; all persons should be entitled to quality education and training that fully respect their cultural identity; and all persons should be able to participate in the cultural life of their choice and conduct their own cultural practices, subject to respect for human rights and fundamental freedoms.

***Article 6 – Towards access for all to cultural diversity***

While ensuring the free flow of ideas by word and image care should be exercised that all cultures can express themselves and make themselves known. Freedom of expression, media pluralism, multilingualism, equal access to art and to scientific and technological knowledge, including in digital form, and the possibility for all cultures to have access to the means of expression and dissemination are the guarantees of cultural diversity.

**CULTURAL DIVERSITY AND CREATIVITY**

***Article 7 – Cultural heritage as the wellspring of creativity***

Creation draws on the roots of cultural tradition, but flourishes in contact with other cultures. For this reason, heritage in all its forms must be preserved, enhanced and handed on to future generations as a record of human experience and aspirations, so as to foster creativity in all its diversity and to inspire genuine dialogue among cultures.

***Article 8 – Cultural goods and services: commodities of a unique kind***

In the face of present-day economic and technological change, opening up vast prospects for creation and innovation, particular attention must be paid to the diversity of the supply of creative work, to due recognition of the rights of authors and artists and to the specificity of cultural goods and services which, as vectors of identity, values and meaning, must not be treated as mere commodities or consumer goods.

***Article 9 – Cultural policies as catalysts of creativity***

While ensuring the free circulation of ideas and works, cultural policies must create conditions conducive to the production and dissemination of diversified cultural goods and services through cultural industries that have the means to assert themselves at the local and global level. It is for each State, with due regard to its international obligations, to define its cultural policy and to implement it through the means it considers fit, whether by operational support or appropriate regulations.

**CULTURAL DIVERSITY AND INTERNATIONAL SOLIDARITY**

***Article 10 – Strengthening capacities for creation and dissemination worldwide***

In the face of current imbalances in flows and exchanges of cultural goods and services at the global level, it is necessary to reinforce international cooperation and solidarity aimed at enabling all countries, especially developing countries and countries in transition, to establish cultural industries that are viable and competitive at national and international level.

***Article 11 – Building partnerships between the public sector, the private sector and civil society***

Market forces alone cannot guarantee the preservation and promotion of cultural diversity, which is the key to sustainable human development. From this perspective, the pre-eminence of public policy, in partnership with the private sector and civil society, must be reaffirmed.

**Article 12 – The role of UNESCO**

UNESCO, by virtue of its mandate and functions, has the responsibility to:

(a) Promote the incorporation of the principles set out in the present Declaration into the development strategies drawn up within the various intergovernmental bodies;

(b) Serve as a reference point and a forum where States, international governmental and non-governmental organizations, civil society and the private sector may join together in elaborating concepts, objectives and policies in favour of cultural diversity;

(c) Pursue its activities in standard-setting, awareness-raising and capacity-building in the areas related to the present Declaration within its fields of competence;

(d) Facilitate the implementation of the Action Plan, the main lines of which are appended to the present Declaration.

MAIN LINES OF AN ACTION PLAN FOR THE IMPLEMENTATION OF THE UNESCO UNIVERSAL DECLARATION ON CULTURAL DIVERSITY

*The Member States commit themselves to taking appropriate steps to disseminate widely the "UNESCO Universal Declaration on Cultural Diversity", in particular by cooperating with a view to achieving the following objectives:*

1. Deepening the international debate on questions relating to cultural diversity, particularly in respect of its links with development and its impact on policy-making, at both national and international level; taking forward notably consideration of the opportunity of an international legal instrument on cultural diversity.

2. Advancing in the definition of principles, standards and practices, on both the national and the international levels, as well as of awareness-raising modalities and patterns of cooperation, that are most conducive to the safeguarding and promotion of cultural diversity.

3. Fostering the exchange of knowledge and best practices in regard to cultural pluralism with a view to facilitating, in diversified societies, the inclusion and participation of persons and groups from varied cultural backgrounds.

4. Making further headway in understanding and clarifying the content of cultural rights as an integral part of human rights.

5. Safeguarding the linguistic heritage of humanity and giving support to expression, creation and dissemination in the greatest possible number of languages.

6. Encouraging linguistic diversity – while respecting the mother tongue – at all levels of education, wherever possible, and fostering the learning of several languages from the youngest age.

7. Promoting through education an awareness of the positive value of cultural diversity and improving to this end both curriculum design and teacher education.

8. Incorporating, where appropriate, traditional pedagogies into the education process with a view to preserving and making full use of culturally appropriate methods of communication and transmission of knowledge.

9. Encouraging "digital literacy" and ensuring greater mastery of the new information and communication technologies, which should be seen both as educational discipline and as pedagogical tools capable of enhancing the effectiveness of educational services.

10. Promoting linguistic diversity in cyberspace and encouraging universal access through the global network to all information in the public domain.

11. Countering the digital divide, in close cooperation in relevant United Nations system organizations, by fostering access by the developing countries to the new technologies, by helping them to master information technologies and by facilitating the digital dissemination of endogenous cultural products and access by those countries to the educational, cultural and scientific digital resources available worldwide.

12. Encouraging the production, safeguarding and dissemination of diversified contents in the media and global information networks and, to that end, promoting the role of public radio and television services in the development of audiovisual productions of good quality, in particular by fostering the establishment of cooperative mechanisms to facilitate their distribution.

13. Formulating policies and strategies for the preservation and enhancement of the cultural and natural heritage, notably the oral and intangible cultural heritage, and combating illicit traffic in cultural goods and services.

14. Respecting and protecting traditional knowledge, in particular that of indigenous peoples; recognizing the contribution of traditional knowledge, particularly with regard to environmental protection and the management of natural resources, and fostering synergies between modern science and local knowledge.

15. Fostering the mobility of creators, artists, researchers, scientists and intellectuals and the development of international research programmes and partnerships, while striving to preserve and enhance the creative capacity of developing countries and countries in transition.

16. Ensuring protection of copyright and related rights in the interest of the development of contemporary creativity and fair remuneration for creative work, while at the same time upholding a public right of access to culture, in accordance with Article 27 of the Universal Declaration of Human Rights.

17. Assisting in the emergence or consolidation of cultural industries in the developing countries and countries in transition and, to this end, cooperating in the development of the necessary infrastructures and skills, fostering the emergence of viable local markets, and facilitating access for the cultural products of those countries to the global market and international distribution networks.

18. Developing cultural policies, including operational support arrangements and/or appropriate regulatory frameworks, designed to promote the principles

enshrined in this Declaration, in accordance with the international obligations incumbent upon each State.

19. Involving civil society closely in framing of public policies aimed at safeguarding and promoting cultural diversity.

20. Recognizing and encouraging the contribution that the private sector can make to enhancing cultural diversity and facilitating to that end the establishment of forums for dialogue between the public sector and the private sector.

*The Member States recommend that the Director-General take the objectives set forth in this Action Plan into account in the implementation of UNESCO's programmes and communicate the latter to institutions of the United Nations system and to other intergovernmental and non-governmental organizations concerned with a view to enhancing the synergy of actions in favour of cultural diversity.*

****

1.Among which, in particular, the Florence Agreement of 1950 and its Nairobi Protocol of 1976, the Universal Copyright Convention of 1952, the Declaration of Principles on International Cultural Cooperation of 1966, the Convention on the Means of Prohibiting and Preventing the Illicit Import, Export and Transfer of Ownership of Cultural Property (1970), the Convention for the Protection of World Cultural and Natural Heritage of 1972, the UNESCO Declaration on Race and Racial Prejudice of 1978, the Recommendation concerning the Status of the Artist of 1980, and the Recommendation on Safeguarding Traditional and Popular Culture of 1989.
2. This definition is in line with the conclusions of the World Conference on Cultural Policies (MONDIACULT, Mexico City, 1982), of the World Commission on Culture and Development (*Our Creative Diversity*, 1995), and of the Intergovernmental Conference on Cultural Policies for Development (Stockholm, 1998).

# सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन का संविधान

('1989–संस्थापना सम्मेलन,' दिल्ली, द्वारा स्वीकृत एवं 'वार्षिक अधिवेशन–1990,' दिल्ली द्वारा संशोधित)

**प्रस्तावना :**

हाल के सांप्रदायिक दंगों के इतिहास ने लोगों पर यह जाहिर कर दिया है कि सांप्रदायिकता के विभिन्न रुपों के खिलाफ एक संगठित एवं सुनियोजित संघर्ष की जरुरत है। ऐसे ही संघर्ष सांप्रदायिक सद्भाव के कार्यक्रमों की जमीन भी होंगे। सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन की एक संगठन के रुप में स्थापना इस दिशा में एक प्रयास है।

इसके परिप्रेक्ष्य संविधान के दूसरे खंड में रेखांकित हैं।

खण्ड-1

## १. स्वरुप एवं गतिविधियां :

सां. वि. आं. न तो एक राजनीतिक दल है और न ही किसी राजनीतिक दल का फ्रंट संगठन। इसका लक्ष्य एक जन संगठन का रुप अख्तियार करना है जो सांप्रदायिक सद्भाव जागृत करने के लिए प्रतिबद्ध तो होगा ही, प्रशासन के साथ-साथ पूरे समाज में बढ़ती सांप्रदायिक प्रवृतियों का भी मुकाबला करेगा। यह अन्य राजनीतिक मुद्दों पर कार्यवाही तथा अन्य संगठनों से संवाद के लिए तत्पर है, पर, इस क्रम में यह अपने मूल उद्देश्य से विचलित नहीं होगा।

इसकी गतिविधियां अधोलिखित होंगी :

१. सांप्रदायिकता के प्रति अपनी समझ स्पष्ट तथा ठोस बनाने के लिए अपने औपचारिक ढांचे के अन्दर तथा इससे परे, बहस का आयोजन।
२. आम एवं विशिष्ट नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार के साहित्य (परचे, पोस्टर, पत्र-पत्रिकाएँ आदि) का प्रकाशन व वितरण। अपने दृष्टिकोण को प्रचारित-प्रसारित करने के लिए संचार के दूसरे माध्यमों का भी उपयोग।
३. जन-चेतना जागृत करने हेतु विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक तथा अन्य प्रचार-परक कार्यक्रमों का आयोजन।
४. सांप्रदायिक रुप से संजीदे मसले एवं प्रशासन के भिन्न स्तरों पर बढ़ती सांप्रदायिक प्रवृतियों के दमन तथा सां. वि. आ. की मांगों की पूर्ति के लिए जन-चेतना का संचार एवं जन-संघर्ष का निर्माण।
५. अपने विचारों के प्रचार–प्रसार एवं अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर विभिन्न राजनीतिक सामाजिक तथा नागरिक अधिकारों के सक्रिय संगठनों से सम्पर्क।

## २. सदस्यता :

क सां. वि. आं. की प्राथमिक औपचारिक सदस्यता संविधान के अंगीकृत करने पर आधारित होगी तथा सदस्यों को प्रतिज्ञा करनी होगी कि वे मानवतावादी मूल्यों एवं सांप्रदायिक

सद्भाव की रक्षा करेंगे तथा ऐसी किसी भी राजनीतिक, सांस्कृतिक या धार्मिक गतिविधियों का सक्रिय व शांतिपूर्ण प्रतिरोध करेंगे जो नागरिक जन-जीवन एवं सांप्रदायिक सद्भाव को हानि पहुँचाने वाली, विभिन्न संप्रदायों के बीच कड़वाहट तथा हिंसा फैलाने वाली हों। सदस्य वैसे किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम का स्पष्ट विरोध करेंगे जो धर्म के आधार पर नागरिकता की परिभाषा करता हो तथा/या किसी एक धर्म-समुदाय के आधार पर राष्ट्रीय या प्रांतीय पहचान की कल्पना करता हो।

ख प्राथमिक सदस्यता के अतिरिक्त एक 'सहयोगी सदस्य' की कोटि भी होगी जिसमें वे नागरिक होंगे जो सां. वि. आं. के उद्देश्यों के प्रति सहानुभूति तो रखते हैं पर, इसके आए दिन के क्रिया-कलापों में बहुत सक्रिय भागीदारी नहीं कर सकते। ऐसे सदस्यों को सां. वि. आं. के प्रति अपनी सहानुभूति की औपचारिक स्वीकृति तथा सां. वि. आं. से यथा-संभव सहयोग करने की प्रतिबद्धता जाहिर करनी होगी।

सदस्यता के अन्य नियम निम्नांकित हैं—

१. सदस्यों से उम्मीद की जाएगी कि वे सां. वि. आं. की गतिविधियों—इसके दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन व विवेचन, साहित्य वितरण, शाखा - समितियों तथा वार्षिक अधिवेशनों में साझेदारी—में एक न्यूनतम सीमा तक योगदान करेंगे। परस्पर सहमति के आधार पर अन्य प्रदत्त कार्यों के संपादन की जिम्मेदारी भी उन्हें दी जा सकती है। सदस्यता प्रत्येक वर्ष पुनरीक्षित की जाएगी।

२. सदस्यता व्यक्तिगत आधार पर होगी एवं सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्ति के नाम की प्रस्तावना किसी सदस्य को ही करनी होगी। सां. वि. आं. की सदस्यता लेते समय किसी अन्य सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक संगठनों की पहले की सदस्यता जाहिर करनी होगी। सां वि. आ. के सदस्य बन जाने के बाद यदि किसी अन्य संगठन की सदस्यता ली जाती है तो उसकी सूचना भी सां. वि. आं. को देनी होगी। ऐसा न करने वाले व्यक्ति की सदस्यता निरस्त की जा सकती है।

३. नए सदस्यों के शामिल किए जाने की प्रक्रिया शाखा तथा संयोजन समितियों द्वारा निर्धारित व संपादित की जाएगी। सदस्यता के लिए नए नामों की प्रस्तावना का अधिकार सभी सदस्यों को है।

४. सां वि. आं. की सदस्यता निम्नलिखित स्थितियों में निरस्त की जा सकती है—(क) अन्य संगठन/संस्था से अपनी सदस्यता/संबंध गुप्त रूप से कायम रखने की स्थिति में, (ख) सां. वि. आं. की सदस्यता ग्रहण करते समय की गई प्रतिज्ञा भंग करने पर (ग) सां. वि. आं. की गतिविधियों में अरुचि जाहिर करने/उदासीनता दिखलाने पर। निरस्तीकरण की अनुशंसा कम से कम दो सदस्यों को लिखित रूप में करनी होगी, ऐसी अनुशंसा पर शाखा/संयोजन समिती द्वारा विधिवत विचार किया जाएगा, तथा निर्णय को पुष्टिकरण के लिए वार्षिक अधिवेशन



में प्रस्तुत किया जाएगा। इस दरम्यान सदस्यता निलंबित समझी जाएगी।

## ३. ढांचा :

सांप्रदायिकता विरोधी नागरिकों के स्वैच्छिक संगठन की हैसियत से सां. वि. आं. का ढाँचा संघीय होगा। इसकी एक संयोजन समिति तथा भिन्न शाखा समितियां होंगी। शाखा समितियों को सां. वि. आं. के मूल सिद्धांतों के तहत् कार्य करने की पूर्ण स्वायत्तता होगी। संयोजन समिति के गठन की प्रक्रिया एवं इसकी कार्य प्रणाली निम्नलिखित होगी :

क) संयोजन समिति में कोषाध्यक्ष / कोषाध्यक्षों सहित सोलह सदस्य होंगे।

ख) वार्षिक अधिवेशन में कोई भी दो प्राथमिक सदस्य किसी भी एक प्राथमिक सदस्य के नाम की प्रस्तावना संयोजन समिति के लिए कर सकते हैं। अधिवेशन में सदन के पुष्टिकरण के पश्चात प्रस्तावित सदस्य संयोजन-समिति का सदस्य निर्वाचित माना जायेगा।

ग) संयोजन-समिति की नियुक्ति एक वर्ष यानि एक वार्षिक अधिवेशन से दूसरे वार्षिक अधिवेशन तक के लिए होगी।

घ) संयोजन-समिति के किसी सदस्य के त्याग-पत्र देने पर उससे हुई रिक्त स्थान की पूर्ति संयोजन-समिति के प्रस्ताव के सहारे सहयोजन पद्धति से की जा सकती है। इस निर्णय की पुष्टि आगामी आमसभा में होनी ही होगी।

च) वित्तीय मामलों की देख-रेख के लिए संयोजन-समिति कम से कम एक कोषाध्यक्ष मनोनीत करेगी जो अगले अधिवेशन तक वित्तीय मामलों के प्रबन्ध के लिए जिम्मेदार होगा। कोषाध्यक्ष/कोषाध्यक्षों को संयोजन समिति का सदस्य होना होगा। हर आगामी वार्षिक अधिवेशन में कोषाध्यक्ष/कोषाध्यक्षों को पूरा वित्तीय ब्योरा प्रस्तुत करना होगा।

शाखा समितियाँ दो तरह की होंगी – एक संस्था/पेशे पर आधारित, दूसरी आवासीय-क्षेत्र की समितियां। इनके अलावा, सां. वि. आं. कुछेक विशिष्ट वर्गों, जैसे महिलाओं, बच्चों, मजदूर संगठनों के लोगों, नौकरी-शुदा व्यक्तियों आदि के साथ काम करने के लिए भी समितियाँ गठित कर सकता है। संयोजन समिति अपनी अधोलिखित सामूहिक जिम्मेदारी के निष्पादन के लिए विभिन्न उपसमितियां तथा/या व्यक्तियों को विभिन्न कार्य भार देगी :

१. आवश्यक संगठनात्मक कार्यों में इसे पहल करनी होगी। इसमें राशि एकत्रित करने के साथ सदस्यता सूची की देख-भाल का कार्य शामिल है।

२. आपसी सहयोग हेतु यह शाखाओं के अधीन एवं इससे परे सदस्यों के बीच सम्बन्ध एवं सूचना के नेटवर्क का कार्य भी करेगी।

३. जब कभी आवश्यक हो यह उन तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर जिसका संबंध सांप्रदायिकता से हो, बयान जारी करेगी। ऐसे बयान शाखा समितियों को आम लोगों के बीच अपनी राय रखने में बाधक नहीं होंगे बशर्ते ऐसा सां. वि. आं. के मूल सिद्धांतों के तहत किया जाए।



४. संयोजन-समिति संगठनात्मक पत्र/बुलेटिन तथा अन्य शैक्षिक सामग्रियों के प्रकाशन का कार्य-भार भी लेगी।

५. यह समिति वार्षिक-अधिवेशन का आयोजन करेगी तथा शाखा समितियों के संगठन में आवश्यक मदद देगी। सभी समितियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी गतिविधियों एवं अपने सदस्यों की उपस्थिति का रिकार्ड रखें तथा नियमित रूप से, कम से कम महीने में दो बार मिलें।

६. संयोजन समिति दिल्ली से बाहर के राज्यों में सां. वि. आं. की ईकाइयां शुरू करने की संभावना पर निरंतर कार्य करेगी।

## ४. पुनर्लब्धता

कोई भी २० प्राथमिक सदस्य किसी भी कार्य के लिए, दस की लिखित सूचना पर एक आम-सभा बुला सकते हैं।

## संशोधन :

संविधान में किसी संशोधन का प्रस्ताव कम से कम २० प्राथमिक सदस्यों और/अथवा किसी शाखा-समिति या संयोजन समिति द्वारा ही रखा जा सकता है। संशोधनों का वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित दो तिहाई प्राथमिक सदस्यों द्वारा पुष्टि किया जाना आवश्यक है।

—खण्ड २—

## सां. वि. आं. का परिप्रेक्ष्य दस्तावेज

१. सां. वि. आं. सांप्रदायिकता की समस्या के प्रति चिंतित व्यक्तियों का एक समूह है जो नवम्बर १९८४ में, अपनी यथाशक्ति से सांप्रदायिकता के विरुद्ध चौतरफा संघर्ष छेड़ने के उद्देश्य से बना इसके मूल-भूत विचारों के तहत, सहयोजन की प्रक्रिया से, सभी सदस्यों के द्वारा आम या खास सोच को विकसित करने की प्रक्रिया में ही इसका विस्तार होगा। सभी निर्णय खुली जनतांत्रिक बहस और जहाँ तक संभव है, आम-सहमति के आधार पर लिए जाएँगे।

२. इस आन्दोलन ने विभिन्न व्यक्तियों और समूहों के बीच बहस के माध्यम से, एक समझ कायम करने की कोशिश करते हुए अपना कार्य आरम्भ किया है। यह तथ्य-कि बहस के लम्बे समय तक चलने की सम्भावना है—कोई रुकावट नहीं, अपितु-संघर्ष के लिए आवश्यक व स्वस्थ लक्षणों का संकेत है। अधोलिखित धारणाएँ इसी विचार से बनाई गई हैं किविभिन्न मत-भेदों को साथ ले बहस के आगे चलने की उम्मीद जीवित रहे।

३. सांप्रदायिकता को सर्व प्रथम एक वैचारिक, राजनीतिक पद्धति और न कि हिन्दू, मुसलमान एवं सिख वैमनस्यों के रूपों में समझा जाना चाहिए। इसकी जड़ें सत्ताकांक्षी लालसाओं और पुरातन पंथी बुद्धिजीवियों की भ्राँतियों-दोनों में ही-लोकतांत्रिक व धर्म निरपेक्ष मूल्यों के प्रति विद्वेष में कायम है सांप्रदायिक लोग जन आधार बनाने के लिए अपने-अपने धर्म की सर्वाधिक असहिष्णु और कट्टर व्याख्याओं का प्रयोग करते हैं।

यह बुद्धिजीवी तबका सदा ही वास्तविक एवं काल्पनिक समस्याओं के लिए इतिहास का प्रयोग राजनीतिक जुमले की तरह करता है। इतिहास सदा ही "दूसरों" के द्वारा ढाए गए

निरन्तर जुल्मों का पुलिंदा बन जाता है। इसके फलस्वरूप ऐतिहासिक शोधों व वहसों का उद्देश्य महज "नायकों" एवं "खलनायकों" की कड़ी बनाना रह जाता है। इस तरह का इतिहास वर्तमान में न सिर्फ अपने ऐतिहासिक जुल्मों का प्रतिकार ढूंढ़ता हैं बल्कि सामायिक राजनितिक संगठन का प्रेरणा स्रोत भी बनता है।

४. इस तरह, 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' सहित व्यापक राष्ट्रवादी चेतना में यकीनन सांप्रदायिक धाराएँ थी। मुक्ति संघर्ष के दौरान कुछ भिन्न समुदायों एवं आस्थाओं के लोगों को धर्म निरपेक्षता का आदर्श प्रेरित नहीं कर पाया। मूलतः भय की मानसिकता पर आधारित राष्ट्रत्व की सांप्रदायिक परिभाषा ने इसकी धर्म निरपेक्ष परिभाषा से प्रतिस्पर्धा कर न सिर्फ उलझन पैदा किया बल्कि भारतीय लोगों के एक बड़े हिस्से को अपनी तरफ करने में कामयाब भी हुई। साम्राज्यवादी शासक आसानी से इन कमजोरियों का फायदा उठा सके और फिरकापरस्त मुस्लिम लीग देश के एक बड़े हिस्से में सत्ता हथियाने में सफल हुआ। यह ध्यान देने योग्य है कि जनतंत्र की पहली लहर-व्यस्क मताधिकार-के साथ ही लीग के बिखरने का सिलसिला प्रारंभ हो गया।

कालांतर में सांप्रदायिक चेतना व हिंसा का, सत्ता हथियाने व सत्ता में कायम रहने हेतु, प्रयोग एक आम बात हो गई। यह नीति कांग्रेस (आई) जैसी निरपेक्षता की खुली दुहाई देने वाली पार्टियों का भी अभिन्न अंग बन गई। पिछले दिनों में एक दूसरी राष्ट्रीय स्तर की पार्टी भारतीय जनता पार्टी एक जुझारू हिन्दू राजनीतिक पहचान बनाने के लिए सतत् क्रियाशील रही है। सत्ता में आने की प्रक्रिया में इसने धर्म निरपेक्ष राष्ट्रवादी हलकों ने भी (मूलतः 'सकारात्मक धर्म निरपेक्षता' का मंत्र जप कर) अपनी कोशिश जारी रखी है। देश वासियों को चाहिए कि वे अपने सजायाफ्ता इतिहास से सबक लें और इस तरह के किसी संकटों में घी ईंधन न दें जो मानव निर्मित हों।

उपर्युक्त प्रयास देश की राजनीतिक पार्टियों का कोई विस्तृत विवेचन नहीं है। यह सिर्फ सांप्रदायिक विचारधारा और राजनीतिक पार्टियों के उलझन भरे गत्यात्मक संबंधों की ओर एक संकेत भर है जो प्रतिस्पर्धात्मक चुनावी राजनीति में परिलक्षित होती है। इस दंगल में खुद को धर्म निरपेक्ष या समाजवादी तक कहने वाले व्यक्ति एवं समूह सांप्रदायिक विचारधाराओं और शक्तियों के प्रयोग करते दीखते हैं। और अंततः यह साम्प्रदायिक लोग हैं जिन्हें इस लूट का सबसे ज्यादा माल मिलता है।

५. भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा में बहुत प्रारम्भ से ही कुछ गड़बड़ है। "भारतीयता" की कट्टरपंथी परिभाषाएँ कई दशकों तक प्रचलित रही हैं। अतः आज यह सहजही मान लिया जाता है कि सिक्ख उग्रवाद और मुस्लिम रुढ़िवाद तो राष्ट्र विरोधी हैं पर हिन्दू संप्रदायवाद देशभक्ति और राष्ट्रवाद का पर्याय है।



यदि "खालिस्तान" और "मुस्लिम राष्ट्र" की बात करने वाले देशद्रोही हैं तो "हिन्दू राष्ट्र" की माला जपने वाले भी कम घिनौने देशद्रोही नहीं हैं क्योंकि इस तरह के सभी नारे एक दूसरे को मजबूत करने वाले होते हैं। जो भी हो, हिन्दू सांप्रदायिकता सभी हिन्दूओं का दर्शन नहीं है और न ही कभी थी; और न ही "खालिस्तान" एवं "मुस्लिम राष्ट्र" कभी तमाम सिक्खों और मुसलमानों की विचारधारा रही है। अतः हिन्दू सम्प्रदायवाद को "राष्ट्रवादी" विचार धारा के समकक्ष मान लेना बहुत ही खतरनाक होगा क्योंकि सच्चाई तो यह हैं कि यह अनगिनत भारतीय नागरिकों के विरुद्ध घृणा और द्वेष फैलाता है। "हिन्दू राष्ट्र" दरअसल भारत के कई और बंटवारों का नुस्खा है।

६. यद्यपि भारत में जाति और समुदाय की प्रकृति और उनके गहन ऐतिहासिक महत्वों को लेकर मतभेद हैं तथापि संप्रदायवाद के तात्कालिक पहलुओं के प्रति एक मोटा-मोटी सहमति सम्भव है राजनीतिक लहजे में कहें तो सांप्रदायिकता फासीवाद के शुरू-आती आंदोलनों की गतिविधियों का एक रूप है जिसका उद्देश्य समाज में एकाधिकारवादी प्रवृत्तियों को मजबूत करने के लिए राजसत्ता का रूपांतरण है। सत्तासीन शासक और सत्ताकाँक्षी शक्तियों – दोनों के द्वारा ही सांप्रदायिकता का इस्तेमाल होता है। इसके विकास से समाज की वे लोकतांत्रिक संस्थाएँ नष्ट होती जाती हैं जिन्हें काफी कीमत चुकाकर हासिल किया गया है–जिन्हें लेकर अब आदिफासीवादी (प्रोटोफासिस्ट) और सामाजिक–जनतांत्रिक शक्तियों में रस्सा–कस्सी चल रही है।

७. सांप्रदायिकता को हम भारतीय फासीवाद के रूप में क्यों देखते हैं, इसे संक्षेप में यों कहा जा सकता है—मानववादी देशप्रेम की जगह सांप्रदायिकता एक प्रकार के धार्मिक उन्माद और धर्म पर आधारित राष्ट्रीयता (हिन्दू राष्ट्र, खालिस्तान, मुस्लिम राष्ट्र आदि) की अवधारणा कायम करती है। यह सांप्रदायिक परिभाषा के अंतर्गत एक 'आंतरिक शत्रु" निर्धारित कर लेती है (ठीक वैसे ही जैसे हिटलर ने यहूदियों को निर्धारित कर लिया था) और फिर इस शत्रु के खिलाफ व्यापक घृणा प्रचार को अपना लक्ष्य बना लेती है। इस प्रकार की घृणा को उकसाने वाले ही फिर हिंसक सांप्रदायिक संगठनों एवं राजनीतिक पार्टियों के नेता बन बैठते हैं। बदले की भावना के रूप में सांप्रदायिकता मासूमों की हत्याओं को जायज ठहराती है और अपराधियों तथा राजनयिकों के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध कायम करती है। यह राष्ट्रीय अभिमान और नागरिकों के अधिकारों के मूल्य को सांप्रदायिकता से परिभाषित समूहों के साथ जोड़ती है जिसके कारण एक उदार संविधान का वास्तविक आधार, यानि धर्म निरपेक्ष नागरिकता, ही नष्ट हो जाता है। सांप्रदायिकता, राजसत्ता के विभिन्न भागों पर अपना नियंत्रण कायम करने के लिए लोकतांत्रिक संस्थानों और नागरिक स्वतंत्रताओं का इस्तेमाल

करती है ताकि इन्हीं लोकतांत्रिक ताकतों और स्वतन्त्रताओं को गुमराह एवं नष्ट किया जा सके।

८. सांप्रदायिकता को कई महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल हुई हैं। भारत का विभाजन उनमें से एक है। लेकिन पाकिस्तान में मजहवी शासन स्थापित हो जाने से भारत के हिन्दू फासीवादी संगठनों को अपार ताकत मिली और इस तरह विभाजन से समस्या सुलझने के वजाए और बदतर हो गई। हालाँकि दो राष्ट्रों का सिद्धांत एव धर्म पर आधारित राष्ट्र की कल्पना साफ तौर पर असफल सिद्ध हुई है, इस उप महाद्वीप में सांप्रदायिक लोग अब भी इससे चिपके हुए हैं। उदाहरण के लिए हिन्दू कठमुल्ले यह सीधी सी बात भी नहीं समझना चाहते कि "अखण्ड भारत" और "हिन्दू राष्ट्र" परस्पर विरोधी हैं। इसी प्रकार 'अखिल भारतीय सिख छात्र' संघ के कार्यकर्त्ता स्वयं को 'अखिल भारतीय' संस्था कहने और खालिस्तान की मांग करने में कोई विरोधाभास नहीं देखते, न ही गुरू नानक के सर्व व्यापक मानववाद और भिंडरावाले के सांप्रदायिक अलगाववाद के बीच के तनाव व अन्तर को समझ पाते हैं। साथ ही, राजनायिकों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एवं जनमतों के निर्माता देश के किसी भाग में आतंकवादियों के विरूद्ध कार्रवाई की अपनी मांग में निहित इस गहरे पाखंड को नहीं देख पाते कि वे १९८४ के सिख नरसंहार, मलियाना-हाशिमपुरा (१९८७) में पी. ए. सी. के जवानों के कुकृत्यों, भागलपुर(१९८९) की हत्याओं और इसी तरह की अनेक घटनाओं से आँखे मूंदे रहते हैं। यद्यपि दो-राष्ट्र का सिद्धान्त असफल सिद्ध हो गया है, सांप्रदायिक प्रवृति आज कानून और व्यवस्था तथा न्याय के साथ-साथ उच्च प्रशासन में भी अपनी जड़ें गहरी करती जा रही है।

९. सां. वि. आं राष्ट्रवाद की किसी भी साम्प्रदायिक परिभाषा को अस्वीकार करता है। यह नहीं मानता कि धार्मिक विश्वास व्यक्ति को अनिवार्य रूप से साम्प्रदायिकता के करीब ले जाता है और न ही यह कि साम्प्रदायिकता का विरोध करने के लिए व्यक्ति को नास्तिक होना ही होगा। हम नहीं मानते कि 'मुस्लिम राष्ट्र', 'हिन्दू राष्ट्र' या 'खालिस्तान' से लोगों की मौलिक समस्याएँ दूर हो जाएँगी। *हमारा मानना है कि प्रांतीय स्वायत्तता के प्रश्न को साम्प्र-*दायिक हस्तक्षेप से अलग रखा जाए। भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा कहीं अधिक स्वस्थ होती यदि इसने अपनी जड़ें ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरूद्ध संघर्षरत जनता की साझी विरासत में खोजी होती। हमारा विश्वास है कि साम्दायिकता के विरूद्ध लड़ाई में वर्षों से चली आ रही 'लोकधर्म' की परम्परा की भी अहम भूमिका है। हम यह भी मानते हैं कि विभिन्न प्रगतिशील समाज-सुधार आंदोलन जैसे हाल की महाराष्ट्र में हुई फूले-अम्बेदकर यात्रा,



साम्प्रदायिकता के खिलाफ जंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

१०. साम्प्रदायिकता की कई जड़ें हैं, कई स्त्रोत हैं जो इतिहास से लेकर आज की समकालीन परिस्थितियों के यथार्थ में फैले हुए है। यह उस सर्वतोमुखी संकट की प्रतिच्छाया भी है जो पिछले लगभग दो दशकों से देश पर गहरा रहा है। जनता के वंचित तबकों को पुरातनपंथी मसलों पर भड़काने वाले (पहले से मोजूद तथा नए सिरे से उभरते हुए) वही तत्व हैं जो राष्ट्रीय विकास के असमान अन्यायपूर्ण स्वरूप के लिए जिम्मेदार हैं। पर, आम लोगों की मानसिकता में किस तरह ये घर बना लेते हैं उसे भी समझना होगा।

नौकरशाही राजनीतिक नेतागणों, भूपतियों, व्यापारियों व उद्योगपतियों के कुछ तबके ने साम्प्रदायिक शक्तियों को सहारा एवं मजवूती दी है क्योंकि समाजवाद के संवैधानिक, धर्म निरपेक्षता और जनतांत्रिक आदर्शों के लोकप्रिय हो जाने पर जो असुविधाजनक स्थिति इनके लिए पैदा हो जाती है उससे तब यही साम्प्रदायिक तत्व मसले खड़े कर उन्हें जनता के कोप से बचाते हैं। साम्प्रदायिकता राज्य के बढ़ते संघीकरण को और बढ़ावा दे सकती है। शासकों के लिए, आर्थिक एवं राजनीतिक संकटों के परिणामों पर यह नियंत्रण भी लगा सकती है।

११. विशिष्ट समुदायों के प्रति घोर शत्रुता रखने वाले एवं अत्यधिक असहिष्णु, अविवेकपूर्ण और अमानवीय विचार-धाराओं के तहत सामूहिक नर संहार को न्यायसंगत ठहराने और हत्याकांडों के आयोजन करने वाले आंदोलन, फासीवाद आंदोलन के आरंभिक रूप कहे जा सकते हैं। राज्य प्रदत्त संरक्षण एवं सहयोग उन्हें पूर्ण-रूपेण पल्लवित फासीवादी आंदोलन की शक्ल देता है। ऐसे आंदोलन आज विद्यमान हैं और राज्य के राजनीतिक तथा विचारधारात्मक रूपांतरण के लिए खुले रूप से सक्रिय हैं।

१२. हमारा मानना है कि साम्प्रदायिकता पितृ सत्तात्मक तथा तरतमित सामाजिक, आर्थिक बंटवारे को मजबूत करती हैं एवं लिंग-असमानता को और बदतर बनाती है। सांप्रदायिकता तनावों के मध्य उभरे दोनों ही तथ्य—मुस्लिम महिला विधेयक (१९८५-८६) व सती समर्थक आंदोलन (८७-८८) वह सिद्ध करते है कि जैसे ही कोई समुदाय 'असुरक्षित' होने की बात फैलाता है रूढ़िवादी कोहरा और घना हो जाता है। दरअसल प्रारम्भ की रूढिवादी विचारधारा सदा ही औरतों के अधिकारों पर हमला कर खुद को व्यक्त करती रही है। फिरकापरस्तों ने जब कभी भी औरतों के सवालों को लेकर कुछ सुधार के कार्य शुरू किए हैं, औरतों की भूमिका परिवार के दायरे में सिमट कर रखी गई है। साम्प्रदायिक हिंसाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि साम्प्रदायिक अपनी 'औरत-शिकार' के साथ भिन्न तरीके से पेश आते हैं। आदमी कत्ल किए जाते हैं और



औरतों का बलात्कार होता है। एक तरह से नारी-शरीर समुदाय की 'प्रतिष्ठा' का पर्याय बन जाता है। इसके अलावा साम्प्रदायिक हिंसा औरतों पर एक नए सिरे से परिवार संरचना का भार लाद देती है। चूंकि महिला आंदोलन औरतों के अधिकारों की बात करते हैं अतः स्वभावतः साम्प्रदायिकता के शत्रु हो जाते है। साम्प्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष में इनकी भूमिका अहम है।

१३. पंजाब में साम्प्रदायिकता का एक लंबा इतिहास है। १९४७ के विभाजन, भाषा के साम्प्रदायिकीकरण, क्षेत्रीय तथा सम्प्रदायिक मसलों का जानबूझ कर घोर-मट्ठा करने, कुछेक राजनीतिक दलों एवं केन्द्र के द्वारा सांप्रदायिकता का राजनीतिक रणनीति के रूप में "व्यवहारिक उपयोग" का कुल निचोड़ है–आज का माहौल।

इसके अलावा सांप्रदायिक आतंकवाद से लड़ने के अपने उद्घोषित प्रयास में राज्य ने निरन्तर खुद को ऐसे कानूनों से लैस किया जो पंजाब की जनता के जीवन के मौलिक अधिकारों की भी अवहेलना करते हैं। मासूम लोगों पर एसे ही अन्य असंवैधानिक कार्रवाइयों का कहर बरपा। तमाम जनवादी एवं साम्प्रदायिकता विरोधी नागरिकों को सरकार के इन दमनात्मक साधनों की निंदा करनी चाहिए जिनसे साम्प्रदायिकता की जमीन ही और ठोस होती है। फिर भी, हम साम्प्रदायिकता को निर्णायक तौर पर राज्य-आतंक से उत्पन्न परिघटना नहीं मानते, न ही आतंकवादियों को पूरी तरह राज्य-दमन का शिकार ही मानते हैं। यद्यपि आम नागरिकों के खिलाफ दमनात्मक कदमों के न उठाए जाने से आतंकवाद के भावनात्मक एवं राजनीतिक आधारों को तोड़ने में जरूर मदद मिलेगी, पर पंजाब की आम जनता द्वारा जनतांत्रिक मुद्दों पर, और धार्मिक स्थानों को धूर्त और खूनी तत्वों से मुक्त करके ही आतंकवाद को अंततः हराया जा सकता है। पंजाब में जनवादी ताकतें आजकल ऐसे ही प्रयासों में सन्नद्ध हैं। परन्तु संघर्ष एकांतिकता में सफल नहीं हो सकता, और अन्य जगहों पर भी साम्प्रदायिकता के खिलाफ-जूझना नागरिकों का कर्त्तव्य बनता है। हम सबों को सरकार पर व्यापक जन-दबाव डालना चाहिए ताकि वह जन प्रतिनिधित्व कानूनों और भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रासंगिक प्रावधानों पर अमल करे, सम्प्रदायवादियों को तुष्ट करने की जगह दंड दे, और सरकारी ढाँचे में ऐसे तत्वों को पालने के बजाए निकाल बाहर करे।

१४. अयोध्या विवाद, जो १९४९ से अदालतों में लटका हुआ था, को सरकार एवं धर्मनिरपेक्ष ताकतों के सामयिक हस्तक्षेप से टाला जा सकता था। इसे जान बूझकर कुछ राजनीतिक तत्वों ने आक्रामक हिन्दू राजनीतिक अस्मिता को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए १९७९ के बाद उभारा। सरकार की धूर्तता ने ऐसी स्थिति आने दी,



जिससे आर. एस. एस, वी. एच. पी., बजरंग दल आदि को उत्तर एवं मध्य भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ आतंकवादी माहौल भड़काने का प्रोत्साहन मिला। दुर्भाग्य की बात है कि देश की जनवादी ताकतों ने इस आंदोलन की विनाशक क्षमता को १९८६ तक नजरअंदाज किया, जब बाबरी मस्जिद के दरवाजे खोले गए।

हमारा मानना है कि बाबरी मस्जिद जो भारत की पुरातत्वीय विरासत का हिस्सा है, को हटाना या गिराना भारतीय जनवाद, और इसके नागरिकों की भावनात्मक एकता के लिए विनाशकारी होगा। हम बार-बार कहना चाहेंगे कि विश्व हिन्दू परिषद और बाबरी मस्जिद एक्शन कमिटि किसी भी समुदाय के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि नहीं हैं, और इस स्मारक पर सरकार की किसी भी प्रस्तावित बातचीत में सम्बद्ध नागरिकों और साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए कार्यरत् समूहों को सन्निहित किया जाना चाहिए। हम राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से जुड़े तमाम जनवादी दलों और समूहों से आग्रह करते हैं कि वे फरवरी या उससे आगे वी. एच. पी. द्वारा अयोध्या में साम्प्रदायिक टकराव को पहले से भाँप कर रोकने का प्रयास करें। इसके खिलाफ संघर्ष प्रभावी होना चाहिए न कि मात्र प्रतीकात्मक।

१५. निहायत जरूरी है कि देश के सामाजिक एवं राजनीतिक तौर पर प्रबुद्ध एवं सक्रिय नागरिकों साम्प्रदायिकता के सवाल को पूरी तत्परता से लें। साम्प्रदायिकता के खिलाफ सशक्त प्रतिरोध की जरूरत महसूस करने वाले तमाम लोगों को एकजुट करने के प्रयास किए जाने चाहिए। साम्प्रदायिक लामबंदी की वर्तमान अग्रसरित प्रतिक्रिया की सफलता भारतीय राज्य के फासीवादी पुनर्गठन में फलित होगी, और इससे भारतीय संविधान में अंगीकृत जनवादी धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी मूल्यों को गम्भीर खतरा पहुँचेगा। उन तमाम लोगों को जो जनवाद को जिंदा रखना चाहते हैं, एक साम्प्रदायिकता विरोधी आंदोलन के निर्माण की प्रक्रिया में अपने संकीर्ण स्वार्थों को त्याग देना चाहिए।

१६. सां वि. आ. इसी दिशा में एक प्रयास है। हमारी कोशिश होगी कि धर्म निरपेक्ष और मानवता वादी आदर्शों के लिए जरूरी संयुक्त कार्रवाई के पक्ष में तमाम विचारधारात्मक मतभेदों को हम आड़े नहीं आने देंगे। संगठन और प्रतिरोध के स्वरूप वक्त के साथ गतिविधियों के आधार पर इस समझ के तहत् तय होंगे कि वे शांतिपूर्ण एवं अहिंसक हों।

---

एन. आर. प्रिन्टर्स 33/9, शक्ति नगर, दिल्ली–110007

# 6 अगस्त हिरोशिमा दिवस

## विनाशकारी ताकतों के खिलाफ संघर्ष का दिन

### 6 अगस्त 1942, सुबह 8 बजकर 45 मिनट:

दूसरे विश्वयुद्ध का दौर। जापान के साढ़े तीन लाख आबादी वाले शहर हिरोशिमा पर अमरीकी हवाई जहाज ने पहला ऐटम बम गिराया। आसमान में बम फूटने से हजार सूरजों की रोशनी छा गई और इसकी आंच से हजारों लोग पलक झपकते झुलस कर मर गए। ऐटम बम के "सफल" प्रयोग से एक तरफ दुनियां भर में अमरीकी सत्ताधारियों की धाक जम गई, वहीं दूसरी तरफ शुरू हुआ मौत और बीमारियों का एक दर्दनाक सिलसिला जो आज तक जारी है। 1950 आते आते हिरोशिमा शहर के 2 लाख लोग मारे जा चुके थे और आज तक उस बम के प्रभाव से 70 से 80 लोग हर साल मर रहे हैं। अपनी राजनैतिक ताकत बढ़ाने के लिए लाखों बेकसूर इन्सानों ने जो कहर ढाया उसके खिलाफ आज भी दुनियां भर के अमन पसन्द इन्सान अपनी आवाज बुलन्द करते हैं। हर साल 6 अगस्त हिरोशिमा दिवस के तौर पर मनाया जाता है और विनाशकारी ताकतों के खिलाफ जंग जारी रखने का संकल्प लिया जाता है।

### 2/3 दिसम्बर 1984, रात करीब 11 बजे:

भोपाल शहर में अमरीकी बहुराष्ट्रीय कम्पनी यूनियन कार्बाइड के कीटनाशक कारखाने से जहरीली गैस का रिसन शुरू हुआ और करीब 4 घण्टे तक 40 टन से ज्यादा जहरीली गैस बादलों की शक्ल में भोपाल के 6 लाख बसिन्दों पर छाई रही। घनी आबादी के बीच बसे इस कारखाने में जहरीले रसायनों के साथ असुरक्षित ढंग से काम किया जाता था। कम्पनी के अधिकारियों को कारखाने की असुरक्षा के बारे में पूरी जानकारी थी लेकिन उन्होंने पैसा बचाने की नीयत से सुरक्षा का कोई इन्तजाम नहीं किया। और इस तरह कम्पनी के मालिकों की अपराधिक लापरवाही की वजह से दिसम्बर '84 की उस काली रात को हजारों लोग दर्दनाक मौत मारे गए लाखों जिन्दगी भर के लिए बीमार कर दिए गए। यूनियन कार्बाइड की गैसों की वजह से मौत का साया भोपाल पर आज भी मंडरा रहा है, आज तक हर दिन कम से कम एक गैस पीड़ित बेसमय मौत मरता हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही आज तक 4 हजार से ज्यादा लोग गैस की वजह से मारे जा चुके हैं और 5 लाख से अधिक गैस पीड़ित गम्भीर बीमारियों से जूझ रहें हैं। अमरीकी बहुराष्ट्रीय कम्पनी यूनियन कार्बाइड के मुनाफे की हवस में हजारों परिवार उजड़ गए, लाखों लोग बदहाल हो गए एक जीता-जागता शहर मौत का शहर बन गया।

राजनैतिक सत्ता और मुनाफे की हवस में हिरोशिमा और भोपाल की तरह दुनियां भर के मजलूम इन्सानों पर कहर ढाया जाता रहा है। युद्ध का दौर हो या शान्ति का समय, अलग-अलग तरीकों से सत्ताधारियों और सरमाएदारों की दरिन्दगी लगातार जारी रहती है। और इसके साथ जारी रहती है विनाशकारी ताकतों के खिलाफ अमन, इन्साफ और जिन्दगी पसंद इन्सानों की लड़ाई। मौत ढाने वाली ताकतें चाहे बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हों या विश्व बैंक जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थान, चाहे ताकतवर विदेशी सरकारें हों या जनता के द्वारा चुनी गई देशी सरकारें — दुनियां के हर कोने में उनके खिलाफ जिन्दगी के गीत गाने वाले इन्सान उठ खड़े होते हैं।

भोपाल गस क़ाण्ड के तुरन्त बाद से भोपाल के गैस पीड़ितों द्वारा इन्साफ की लड़ाई लगातार लड़ी जा रही है। इसी सिलसिले में सुप्रीम कोर्ट के सामने भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन के 30 सदस्य 26 जुलाई से लगातार धरने पर बैठे हुए हैं। इस बीच दो मौकों पर संगठन के 800 से अधिक सदस्यों ने भोपाल से दिल्ली आकर प्रदर्शन किए हैं। उनकी माँग है कि फरवरी 1989 में भोपाल गैस काण्ड के मामले में यूनियन कार्बाइड और भारत सरकार के बीच किया गया समझौता रद्द किया जाय। थोड़े ही दिनों में सुप्रीम कोर्ट इस बात पर फैसला देगी कि भोपाल समझौता सही था या गलत। अगर यह समझौता सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सही ठहराया गया तो महज 715 करोड़ रुपये के एवज में यूनियन कार्बाइड को उसकी सारी जिम्मेदारियों से छुट्टी दे दी जाएगी और उसके दोषी अधिकारियों को बगैर सजा के छोड़ दिया जाएगा। समझौते को रद्द करने की मांग के साथ-साथ भोपाल गैस पीड़ितों की मांग है कि भोपाल पर एक राष्ट्रीय आयोग का गठन हो ताकि गैस पीड़ितों के इलाज और पुनर्वास का काम सही ढंग से चल सके।

सुप्रीम कोर्ट से इन्साफ और सरकार से भोपाल के मामले में सही कारवाई की माँग लेकर भोपाल गैस पीड़ित दिनाँक 6 अगस्त, हिरोशिमा दिवस को निजामुद्दीन स्टेशन से सुप्रीम कोर्ट होते हुए बोट क्लब तक रैली में जा रहे हैं। आपसे अपील है कि इस रैली तथा सुप्रीम कोर्ट और बोट क्लब पर 1 बजे और शाम 4 बजे होने वाली सभाओं में भाग लें और भोपाल की इन्साफ की लड़ाई में शामिल हों।

हिरोशिमा नहीं, भोपाल नहीं — हम जीना चाहते हैं।

सुप्रीम कोर्ट — इन्साफ करो, भोपाल समझौता रद्द करो।।

---

भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन; भोपाल

भोपाल ग्रुप फ़ॉर इन्फार्मेशन एण्ड ऐक्सन, भोपाल

भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति, नई दिल्ली



# रामजन्म भूमि मुक्ति आन्दोलन की असलियत पहचानें
# विवाद के न्याय संगत हल की माँग करें।

देश में एक बार फिर से "मारेंगे मर जाएगें" और "हिन्दू का खून न खोले" जैसे आक्रमक और खूनी नारे गूँजने लगे हैं। कुछ लोग किसी भी कीमत पर अयोध्या में बनी बाबरी मस्जिद को हटा कर उसकी जगह मंदिर बनाने पर आमादा हैं। आडवाणी जी रामजन्म भूमि के नाम पर सत्ता हथियाने की रथयात्रा पर निकल पड़े। ये लोग देश के मुस्लिम नागरिकों की ओर देखते हुए कहते हैं कि वे या तो गाँधीजी के रास्ते पर चले या जिन्नाह के--!




कौन है ये लोग जो मस्जिद गिराकर मंदिर बनाने की बाते करते हैं। जो सड़कों पर खून बहाना चाहते हैं, और उसी जबान से गाँधीजी का नाम लेते हैं। आखिर इस "मुक्ति आन्दोलन" और इसे चलाने वालों की असलियत क्या है? दरअसल राष्ट्रीय स्वयं सेवक, विश्व हिन्दू परिषद् और भारतीय जनता पार्टी ये एक ही दुकान के तीन साईन बोर्ड है। ये लोग गाँधीजी का नाम जपें, यह ठीक वैसा ही है **जैसे सत्तर चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।**

## जिन्नाह और आर.एस.एस.
## सांप्रदायिकता के दो ज़हरीले फन

आप खुद याद करें कि गाँधीजी की हत्या किसने और क्यों की थी? उनका हत्यारा नाथूराम गोडसे आर.एस.एस. विचारधारा का आदमी था। अदालत के सामने दिये बयान में उसने साफ कहा था कि गाँधीजी हिन्दुओं के सबसे बड़े दुश्मन थे। उस समय के गृहमंत्री सरदार पटेल ने आर.एस.एस. के सर्वेसर्वा गोलवलकर के नाम एक पत्र में गाँधीजी की हत्या के लिए आर.एस.एस. द्वारा देश के वातावरण में घोले गए जहर को ही जिम्मेवार ठहराया था। इसे गिड़गिड़ाने और सरकार की तमाम शर्ते मानने के बाद ही हटाया गया। बुजुर्गों को याद होगा कि गाँधीजी की मृत्यु की खुशी में आर.एस.एस. के कार्यकर्त्ताओं ने मिठाईयाँ बाँटी थी और आज ये गाँधीजी का नाम लेते नहीं थकते।




आर.एस.एस. और जिन्नाह दोनों ही राष्ट्रीय आंदोलन के खिलाफ थे। हमारा राष्ट्रीय आन्दोलन अंग्रेजों को देश से निकालने के साथ-साथ मिली जुली सांस्कृतिक परंपरा तथा सभी धर्मों को साथ लेकर चलने वाली राष्ट्रीय भावना का निर्माण करने का भी आंदोलन था। इस तरह की राष्ट्रीय भावना के, आर.एस.एस भी विरूद्ध था और जिन्नाह की मुस्लिम लींग भी। ये दोनों जमातें हिन्दुओं और मुसलमानों को जुदा-जुदा राष्ट्र मानती थीं। जैसे कि इस राष्ट्र में सबने पिछले हज़ार वर्षों में एक-दूसरे का खून के सिवाए कुछ किया ही नहीं।

गाँधीजी जीवनभर इस तरह के विचारों के खिलाफ संघर्ष करते रहे इसीलिए आर.एस.एस. और जिन्नाह उन का लगातार विरोध करते थे। आर.एस.एस. ने कभी भी स्वाधीनता आन्दोलन में कोई हिस्सा नहीं लिया। इनके नेता खुले आम गाँधीजी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं का मज़ाक उड़ाते थे और हिटलर जैसे दरिन्दे की तारीफों के पुल बाँधते थे। गोलवलकर ने अपनी किताब ''वी एंड अवर नेशनहुड डिफाइंड में हिटलर के रास्ते को ही भारत देश के हित का एक मात्र रास्ता बताया है। ये लोग हिन्दू राष्ट्र का सपना देखते थे और जिन्नाह पाकिस्तान का दोनों ही धर्मनिरपेक्ष भारत राष्ट्र के एकदम खिलाफ थे। दरअसल आर.एस.एस. हिन्दू महासभा एक तरफ और जमायते इस्लामी मुस्लिम लीग दूसरी तरफ-सांप्रदायिकता की जहरीली नागिन के दो फन है जे तब से लेकर आज तक भारतीय जनता के सपनों के खिलाफ ज़हर उगलते रहे हैं।






## आर.एस.एस. के सर्वोच्च नेता सत्ता के पाँव पड़े

इतिहास का कान फाड़ू ढोल पीटने वाले ये महापुरुष अपना इतिहास आमतौर से भूल जाते हैं। अंग्रेजी सरकार की ज़स भी डाँट पर इन्होंने अपने सदस्यों की वर्दी बदल डाली। इन लोगों की अवसरवादिता और झूठ बोलने की क्षमता का ज़वाब नहीं है। यह अवसरवाद आज़ादी के बाद भी जारी रहा। बिहार आंदोलन के दौरान आर.एस.एस. ने बड़े क्रांतिकारी तेवर दिखाए लेकिन आपातकाल लागू होते ही संघ के आम कार्यकर्त्ता तो क्या सबसे बड़े नेता बाला साहब देवरस ने जेल से रिहाई के लिए क्या-क्या पापड़ नहीं बेले। संविधान में मन चाहे परिवर्तन करने जब इंदिरा गाँधी ने अपने आप को चुनावी अनियमितो से मुक्त करवा लिया तो बाला साहब ने उन्हें बधाई का पत्र लिखा। उनका नेतृत्व स्वीकार करने की इच्छा प्रकट की लेकिन इंदिरा गाँधी ने कोई जवाब नहीं दिया। तब बालासाहब ने विनोबा भावे को पत्र लिखकर उनसे विनती की कि वे इंदिरा जी से सिफारिश कर बालासाहब जेल से छुड़ाने और आर.एस.एस. पर लगा प्रतिबन्ध उठवाने के लिए कुछ करें। यह है, बलिदान के गीत गाने वालों की हिम्मत की असलियत! दरअसल ये लोग राजनीति के नाम मर जनता को मूर्ख बनाने की साजिशें ही कर सकते हैं। तथाकथित राजन्म भूमि को मुक्त कराने का अभियान इनकी नवीनम साजिश है। इरादा यह है कि इस बहाने खुद को हिन्दु वोटों के ठेकेदार बनकर राजसत्ता हथियायी जाए और पैसा कमाया जाए।



क्या आपको याद है कि विश्व हिन्दु परिषद ने आयकर का हिसाब देनें में हेर फेर किया है। कैसी विडंबना है कि चन्द महीनों की जेलयात्रा में त्राहि-त्राहि बोल उठने वाले, बिहार आन्दोलन और श्री जयप्रकाश नारायण से तोते की तरह आँखे फेर लेने वाले उन रामचंद्र जी का "उद्धार" करने निकले हैं, जिन्होंने चौदह वर्ष का वनवास हँसते-हँसते झेला था। रुपये पैसे तक के मामले में मर्यादाएँ तोड़ने वाले मर्यादा पुरुषोतम कहे जाने वाले राम का मंदिर बनाने निकले हैं।

**मसला न धर्म का न इतिहास का**
**खुला खेल है राजनीतिक चालबाज़ का**



बाबरी मस्जिद विवाद के बारे में सबसे पहली बात यह कि एक भी ऐतिहासिक सबूत ऐसा नहीं है जिससे मालूम पड़ता हो कि बाबरी मस्जिद रामजन्म भूमि पर बनी हुई है। सबूत के नाम पर आर.एस.एस., विश्व हिन्दू परिषद् वाले बाबरनामा (यानि बाबर की आत्मकथा) के दो अंग्रेजी अनुवाद पेश करते हैं। इस मामले को सिलसिलेवार देखें:–

1. 1813 में अंग्रेज इतिहासकार लेडन ने बाबरनामा के अनुवाद से अनुमान भिड़ाया कि बाबर अयोध्या आया था। बाबर खुद 'अवध' शब्द का इस्तेमाल करता है, जिसमें वास्तव में लखनऊ तक की गिनती होती है। लेडन, अवध और अयोध्या को एक कर देता है। मजे की बात यह है कि लेडन कहीं भी रामजन्मभूमि पर बने मंदिर याउसके तोड़े जाने का जिक्र नहीं करता।

2. 1857 के स्वाधीनता संग्राम के दौरान लखनऊ का रेजिडेंट स्लीमैन इस विवाद को हवा देने की कोशिश करता है ताकि जनता की एकता कमज़ोर हो।

3. 1861 में अंग्रेज अफसर कारनेगी सीधा दावा करता है कि बाबर ने रामजन्मभूमि पर बना मंदिर तोड़ा!

4. 1922 में बेवरिज़ नाम अंग्रेज महिला इस दावे को 'बाबरनामा' के अनुवाद में शामिल कर – पाप का घड़ा बाबर के सिर सीधे-सीधे पटके देती है। बेवरिज कोई ठोस तथ्य नहीं दे पाती। सुनी सुनाई बातों के आधार पर वे इतना ही कहती है कि "बाबर ने अयोध्या में मंदिर तोड़ा होगा"। ध्यान दें, "तोड़ा था नहीं, तोड़ा होगा"। इस पर भी ध्यान दें कि बेवरिज ने यह कारनामा खिलाफ़त आंदोलन (1922) के तुरन्त बाद किया था। इस आन्दोलन के दौरान हिन्दु मुस्लिम एकता ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। एकता को तोड़ने की अनेक कोशिशों में से एक थी, बाबरी मस्जिद को विवादास्पद बनाना।

अंग्रेजों का इरादा तो स्पष्ट था आर.एस.एस. – विश्व हिन्दू परिषद् का इरादा भी कुछ ढका छिपा नहीं है। ये भी अंग्रेजों की ही तरह जनता की एकता से डरतें हैं, इसीलिए फूट के बीज बोते रहते हैं। इन हिन्दुत्व प्रेमियों से कोई पूछे कि क्या उन्नसवीं सदी के पहले एक भी समकालीन हिन्दू या मुसलमान विद्वान, इतिहासकार, कवि या धार्मिक नेता ने रामजन्मभूमि पर बने मंदिर को बाबर द्वारा तोड़े जाने का उल्लेख किया है? क्या वजह है कि वैसे अंग्रेज इतिहासकारों को कदम-कदम पर कोसने वाले हिन्दुत्व प्रेमी इस मामले में अंग्रेजों द्वारा भिड़ाए गए दुष्टतापूर्ण अनुमानों को ही सबसे बड़ा ऐतिहासिक प्रमाण माने बैठे हैं?

## इनके बहकावे में न आएँ। स्वयं इन तथ्यों पर विचार करें

ये कहते है कि मंदिर 1528 में तोड़ा गया। 1574 में तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना की। इसमें या तुलसीदासजी की किसी भी रचना में इस घटना की तरफ इशारा नहीं किया गया है। जबकि कवितावली में तुलसीदासजी के काशी में पड़ी माहामारी तक का सीधा वर्णन किया है। क्या यी विश्वसनीय ये लगता है कि कुछ ही बरस पहले रामजन्म भूमि मंदिर तोड़ने जैसी हरकत की गयी हो और परमरामभक्त तुलसीदास इस पर एकदम चुप लगाए रहें?




तुलसीदास ही नहीं उस वक्त के किसी भी भक्त या आचार्य ने इस घटना का कतई उल्लेख नहीं किया है। मुंगल सत्ता के विरूद्ध लड़ने वालों के लिए भी रामजन्मभूमि कभी कोई मुद्दा नहीं था। कोई बताए कि महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, छत्रसाल, गुरु गोविन्द सिंह जैसे लोगों ने जिन्हें खुद आर.एस.एस. वाले हिन्दू वीरता के प्रतीक मानते हैं– क्यों नहीं रामजन्म भूमि को कभी भी मुद्दा बनाया। राजसत्ता के अत्याचारों पर रोष प्रकट करते हुए शिवाजी और गुरु गोविन्दसिंह ने औरंगजेब को जो पत्र लिखे-उनमें भी रामजन्म भूमि का मंदिर तोड़े जाने का कोई उल्लेख नहीं है।

आधुनिक युग के इतिहासकार, नेता, लेखक और समाज सुधारक भी इस विषय में कुछ नहीं कहते। स्वामी विवेकानन्द हों या दयानन्द सरस्वती, वंकिमचंद्र चटर्जी हों या लोकमान्य तिलक किसी ने भी रामजन्म भूमि मंदिर को तोड़े जाने का उल्लेख नहीं किया है।







**तो क्या यह माना जाए कि ये सब महापुरुष कुछ कम हिन्दू थे और हिन्दू धर्म का सारा ठेका आर.एस.एस. की दुकानों ने ले रखा है। वास्तविकता तो यह है कि स्वयं आर.एस.एस. की भी विवाद में 1979 तक खास दिलचस्पी नहीं थी, तब तक स्थानीय विवाद ही माना जाता था। हद तो यह है कि खुद सावरकर हेडगेवार, गोलवलकर तक ने इस विवाद में कोई खास दिलचस्पी नहीं ली। इसके बाद इन लोगों को लगा कि इस विवाद की आँच पर राजनीतिक स्वार्थ की रोटियाँ सेंकी जा सकती हैं। राम का नाम लेकर राज हथियाया जा सकता है, और शुरु हो गया तथाकथित मुक्ति अभियान।**

## क्या इस राजनीतिक दुष्टता की आग में हम अपने बच्चों के भविष्य को, और देश को जलने देंगे?

इतिहास के सवालों से नहीं टकरा पाते तो ये आर.एस.एस. के सूरमा आस्था की दुहाई देने लगते हैं। आइए इस प्रश्न पर भी विचार करें।




### सच्ची आस्था का खून करने की कोशिश

इन लोगों को हिन्दू धर्म से कोई लगाव नहीं है। सच तो यह है कि ये हिन्दू धर्म का क, ख, ग, भी नहीं जानते। जो लोग इन्हें हिन्दू धर्म का हित चिन्तक मान बैठे हैं, वे कृपा इन बातों पर ध्यान दें। विश्व हिन्दू परिषद् का दावा है कि 'हिन्दू धर्म में अयोध्या का वही स्थान है, जो इस्लाम में मक्का का है।" सच्चाई यह है कि हिन्दू धर्म में मक्का सरीखा सर्वोच्च महत्त्व किसी नगरी को प्राप्त नहीं है। यहाँ कई नगरियाँ एक सी पवित्र मानी जाती है। यहाँ तक कि महाभारत के वनपर्व में जब युधिष्ठिर ने नारद से विभिन्न तीर्थों की महिमा जाननी चाही तो नारद ने पुष्कर की महिमा बीस श्लोकों में बखानी और कुरुक्षेत्र की दो सौ आठ श्लोकों में। कोसला नगरी (अयोध्या शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है) की महिमा कुल ढाई श्लोक में निबटा दी गयी है। इसके बाद पाण्डव तीर्थ यात्रा पर निकलते हैं। वे प्रयाग जाते हैं। गंगासागर, प्रभास और उत्तराखंड आते हैं लेकिन अयोध्या नहीं। यानि महाभारत के काल में अयोध्या बहुत महत्त्वपूर्ण तीर्थस्थान नहीं, था, और ये आर.एस.एस. वाले अयोध्या को हिन्दुओं का मक्का बनाने में तुले हुए हैं।

**"खून की नदियाँ बहाकर मंदिर बनाने का ढोल पीटने वाली राजनीति से हिन्दू आस्था का दूर का भी नाता नहीं है।**




यह तो महज़ देश के बहुसंख्यक हिन्दुओं के बीच ऐसे डर की भावना पैदा करने की कोशिश है, जिसका न कोई व्यवहारिक आधार है न एतिहासिक! धार्मिक आस्था को सांप्रदायिक कट्टरता में बदलने की यह साजिश इसलिए की जा रही है कि देश के बहुसंख्यक लोग इन राजनीनिबाजो को अपना भाग्य विधाता मान लें। और इस तरह दिल्ली की गद्दी आर.एस.एस./भाजपा को हासिल हो जाए। जनता की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर, इतिहास और संस्कृति को तोड मरोड़ कर ये लोग सत्ता हथियाना चाहते हैं। इन की "रामभक्ति" और "धर्मप्रेम" की असलियत बस यही है।

## साजिश का मुँह तोड़ जवाब दें, विवाद का हल सच्चाई से करें ।

**जिन राम को हमारी जनता कण-कण में व्याप्त मानती रही है, जिनकी उपासना 'करुणा सुख सब गुन आमर' मानकर की जाती रही है, उन राम मंदिर नफरत की बुनियाद पर निर्दोषों के रक्त के गारे से नहीं बन सकता।**

राष्ट्रवाद के नाम पर नफरत का प्रचार करने वाले ये संघी दावा करते हैं कि केवल हिन्दू ही देश भक्त हो सकते हैं। गैर हिन्दू होना कुछ कम देश भक्त होना है। नफरत का यह राग अलापने के लिए इतिहास को झुठलाना जरुरी है। इसलिए तो संघीसूरमा यह भूल जाते हैं कि बाबर ने राणा सांगा के निमंत्रण पर भारत पर हमला किया था, और पानीपत के मैदान में उसका मुकाबला इब्राहीम लोदी ने किया था।

ये लोग कहते हैं कि चूँकि मुसलमानों के तीर्थस्थल अरब देशों में है, इसलिए वे भारत के प्रति वफादार हो ही नहीं सकते। इस तर्क से बौद्ध धर्म मानने चीनियों, जापानियों की वफादारी भारत के प्रति होनी चाहिए। जो लोग मुसलमानों को इस्लाम उद्गमस्थल अरब चले जाने की हिदायत देते हैं, उन्हें चीनियों, जापानियों को भारत बुला लेना चाहिए क्योंकि बौद्ध धर्म का उदय भारत में हुआ था। प्रमुख हिन्दू तीर्थ कैलाश मानसरोवर तिब्बत (चीन) में हैं, तो वहाँ जाकर पुण्य लाभ करने वाले आडवाणी जी, वाजपेयी जी, की वफादारी चीन के प्रति मानी जाए?

## इरादा दंगे भड़काना है रथयात्रा तो एक बहाना है



**25 सितंबर से आडवाणी को रथयात्रा निकली थी। कहने को तो इस यात्रा का उद्देश्य देश भर में सद्भाव फैलाना था। पर सच्चाई इतनी नंगी है कि वह आडवाणी के गोल-मटोल प्रेस वक्तव्यों से ढकी नहीं जा सकती। इंसान के खून से भरे कटोरों की भेंट स्वीकार करने वाला कितना भी चीख कर कहे उसकी रथयात्रा का नतीजा दावण गेरे, बनासकांता, गोंडा, बड़ौदा आदि जगहों में भड़के दंगों में साफ झलकता है। सच्चाई तो यह है कि अडवाणी सोमनाथ से अयोध्या नहीं बल्कि सत्ता तक पहुँचना चाहते हैं। उनकी इस यात्रा से कितने ग़रीब निर्दोष लोग मारे जाएँगे उसकी परवाह इस अडवाणी को नहीं है।**

इस आन्दोलन के असली इरादों को देखते हुए असली फैसला तो हमें आपको करना है। यह मसला हिन्दू धर्म या इस्लाम के स्वयं भू ठेकेदारों का नहीं है। किसी राजमाता या किसी इमाम को, किसी महंत या किसी सैयद को हक़ नहीं है कि वह किसी धार्मिक समुदाय को भेड़ों की माफिक हाँकने वाला गड़रिया बन बैठे। हमें और चुप नहीं रहना है, हमारी चुप्पी इन लोगों की साजिश को और ताकत देती है। सांप्रदायिकता विरोधी आन्दोलन की मान्यता है कि सांप्रदायिकता ताकतों का बढ़ाव रोकने की जिम्मेदारी हर देश भक्त नागरिक की है। जब भी किसी प्रकार का सांप्रदायिक तत्त्व आपको बहकाने आये तो उसका प्रतिरोध कीजिए। धर्म के नाम पर सत्ता का खेल खेलने वालों को यह जता दीजिए कि अब लोग इस खेल के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। अपने इलाके में किसी भी सांप्रदायिक प्रचार या हिंसा को न होने देना। यह हमारी आपकी मिली जुली जिम्मेदारी है।

हम सब को मिलकर सरकार पर दबाव डालना है कि :

1. विश्व हिन्दू परिषद् को हिन्दूओं का और बाबरी मस्जिद कमेटी को मुसलमानों का ठेकेदार मानना बन्द करें। इस विवाद की हल की किसी भी कोशिश में उन लोगों की भी हिस्सेदारी होनी चाहिए जो इस देश सहिष्णु पंरपराओं पर गर्व करते हैं। जो राम रहीम को एक दूसरे से भिड़ाने में विश्वास नहीं करते, जो धर्म के नाम पर सत्ता का खेल नहीं खेलते।

2. 'राम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन कहे जाने वाले इस सत्ता के खेल का न तो कोई ऐतिहासिक आधार हैनसांस्कृतिक। यह विवाद सांप्रदायिक राजनीति की देन है। इसका हल भी राजनीतिक ही हो सकता है। राजनीति के पापों का घड़ा न्यायपालिका के दरवाज़े पर फोड़ना अन्याय है। पहले किसी मामले पर करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाला विवाद बनने देना फिर यह समझना कि बस एक फैसले से सब ठीक हो जएगा। यह बचपना है। वि०हि०प० वाले अदालत के प्रति अपनी अवमानना पहले ही जता चुके हैं। ऐसे में सरकारहाथपरहाथ रखे नहीं बैठी रह सकती। सरकार को चाहिए कि इस मामले पर अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करें।

3. झूठ और साजिश के इस तथाकथित आन्दोलन के दबाव में आने का मतलब है — सांप्रदायिक राजनीति के सामने घुटने टेकना। इसका नतीजा देश के भाविष्य के लिए विनाशकारी होगा। सरकार को साफ कहना चाहिए कि बाबरी मस्जिद मन्दिर तोड़ कर बनाई गई, इस बात का कोई, कैसा भी आधार नहीं हैं। इस लिए मस्जिद को या हटाने का कोई औचित्य नहीं है। मंदिर अयोध्या में किसी और जगह बनाया जा सकता है।

   यही एक मात्र न्यायसंगत हल है। इसके पक्ष में जनमत बनाना सरकार की तथा सभी देश प्रेमी लोगों की जिम्मेवारी है।

**सांप्रदयिकता विरोधी आन्दोलन** का गठन 1984 के सिख विरोधी नरसंहार की पृष्ठभूमि में हुआ था यह ऐसे नागरिकों का संगठन है जो सत्ता की राजनीति से एकदम दूर रहते हुए सांप्रदायिकता के ख़तरें से मुकाबिला करना चाहते हैं। यह संगठन किसी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं है। इस की आस्था जनता से सीधा संवाद करने में है। इस बुद्धिजीवी हैं तो श्रमिक भी। छात्र, अध्यापक हैं तो पत्रकारिता, वकालत और डाक्टरी सरीखे पेशों से जुड़े लोग भी।इसमेंसंगठन में सभी बराबर की हैसियत के कार्यकर्त्ता हैं। सांप्रदायिकता विरोधी आन्दोलन ने गतिविधियों में नेता और कार्यकर्त्ता का भेद मिटाने की कोशिश की है।

आप देश भक्त नागरिक है। सांप्रदायिकता का ज़हर हमारे देश को भीतर ही भीतर खोखला कर रहा है। इससे टकराना आप का भी फर्ज़ है। कितना अच्छा हो, अगर आप इस परचे का प्रचार करें, कुछ कपियाँ और छपवा कर बाँटे।

पत्र द्वारा संपर्क करें :— सांप्रदायिकता विरोधी आन्दोलन, 5/24 जंगपुरा बी, नई दिल्ली-110 014


कण-कण में
व्यापे हैं राम
मत भड़काओ दंगा
लेकर उनका नाम
सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन

# रामजन्म भूमि मुक्ति आन्दोलन की असलियत पहचानें
# विवाद के न्याय संगत हल की माँग करें ।

देश में एक बार फिर से "मारेंगे मर जाएंगे" और "जिस हिन्दू का खून न खोले" जैसे आक्रामक और खूनी नारे गूँजने लगे हैं । कुछ लोग किसी भी कीमत पर अयोध्या में बनी बाबरी मस्जिद को हटा कर उसकी जगह मंदिर बनाने पर आमादा हैं । आडवाणी जी रामजन्म भूमि के नाम पर सत्ता हथियाने की रथयात्रा पर निकल पड़े हैं । ये लोग देश के मुस्लिम नागरिकों की ओर देखते हुए कहते हैं कि वे या तो गाँधीजी के रास्ते पर चले या जिन्नाह के ——— ।




कौन है ये लोग जो मस्जिद गिराकर मंदिर बनाने की बातें करते हैं । जो सड़कों पर खून बहाना चाहते हैं, और उसी जबान से गाँधीजी का नाम लेते हैं । आखिर इस "मुक्ति आन्दोलन" और इसे चलाने वालों की असलियत क्या है ? दरअसल राष्ट्रीय स्वयं सेवक, विश्व हिन्दू परिषद् और भारतीय जनता पार्टी ये एक ही दुकान के तीन साईन बोर्ड हैं । ये लोग गाँधीजी का नाम जपें, यह ठीक वैसा ही है जैसे सत्तर चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।

## जिन्नाह और आर.एस.एस.
## सांप्रदायिकता के दो ज़हरीले फन

आप खुद याद करें कि गाँधीजी की हत्या किसने और क्यों की थी ? उनका हत्यारा नाथूराम गोडसे आर.एस.एस. विचारधारा का आदमी था । अदालत के सामने दिए बयान में उसने साफ कहा था कि गाँधीजी हिन्दुओं के सबसे बड़े दुश्मन थे । उस समय के गृहमंत्री सरदार पटेल ने आर.एस.एस. के सर्वेसर्वा गोलवलकर के नाम एक पत्र में गाँधीजी की हत्या के लिए आर.एस.एस द्वारा देश के वातावरण में घोले गए जहर को ही जिम्मेवार ठहराया था । इसे गिड़गिड़ाने और सरकार की तमाम शर्ते मानने के बाद ही हटाया गया । बुजुर्गों को याद होगा कि गाँधीजी की मृत्यु की खुशी में आर.एस.एस. के कार्यकर्ताओं ने मिठाईयाँ बाँटी थी, और आज ये गाँधीजी का नाम लेते नहीं थकते ।




आर.एस.एस. और जिन्नाह दोनों ही राष्ट्रीय आंदोलन के खिलाफ थे । हमारा राष्ट्रीय आन्दोलन अंग्रेजों को देश से निकालने के साथ-साथ मिली जुली सांस्कृतिक परंपरा तथा सभी धर्मो को साथ लेकर चलने वाली राष्ट्रीय भावना का निर्माण करने का भी आंदोलन था । इस तरह की राष्ट्रीय भावना के, आर.एस.एस भी विरुद्ध था और जिन्नाह की मुस्लिम लीग भी । ये दोनों जमातें हिन्दुओं और मुसलमानों को जुदा-जुदा राष्ट्र मानती थीं । जैसे कि, इस राष्ट्र में सबने पिछले हज़ार वर्षों में एक-दूसरे का खून बहाने के सिवाए कुछ किया ही नहीं ।

इस तरह के विचारों के खिलाफ संघर्ष करते रहे, इसीलिए आर.एस.एस. और जिन्नाह उन का लगातार विरोध करते थे। आर.एस.एस. ने कभी भी स्वाधीनता आन्दोलन में कोई हिस्सा नहीं लिया। इनके नेता खुलेआम गाँधीजी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं का मज़ाक उड़ाते थे और हिटलर जैसे दरिन्दे की तारीफ़ों के पुल बाँधते थे। गोलवलकर ने अपनी किताब "वी ऐंड अवर नेशनहुड डिफाइंड" में हिटलर के रास्ते को ही भारत देश के हि= का एक मात्र रास्ता बताया है। ये लोग हिन्दू राष्ट्र का सपना देखते थें और जिन्नाह पाकिस्तान का दोनों ही धर्मनिरपेक्ष भारत राष्ट्र के एकदम ख़िलाफ थे। दरअसल आर.एस.एस. हिन्दू महासभा एक तरफ और-जमायते इस्लामी, मुस्लिम लीग दूसरी तरफ-सांप्रदायिकता की ज़हरीली नागिन के दो फन है. जो तब से लेकर आज तक भारतीय जनता के सपनों के खिलाफ ज़हर उगलते रहे है।







## आर.एस.एस. के सर्वोच्च नेता सत्ता के पाँव पड़े

इतिहास का कान फोड़ू ढोल पीटने वाले ये महापुरुष अपना इतिहास आमतौर से भूल जाते हैं। अंग्रेजी सरकार की ज़रा सी डाँट पर इन्होंने अपने सदस्यों की वर्दी बदल डाली । इन लोगों की अवसरवादिता और झूठ बोलने की क्षमता का जवाब नहीं है । यह अवसरवाद आज़ादी के बाद भी जारी रहा । बिहार आंदोलन के दौरान आर.एस.एस. ने बड़े क्रांतिकारी तेवर दिखाए लेकिन आपातकाल लागू होते ही संघ के आम कार्यकर्ता तो क्या सबसे बड़े नेता बाला साहब देवरस ने जेल से रिहाई के लिए क्या-क्या पापड़ नहीं बेले । संविधान में मन चाहे परिवर्तन करके जब इंदिरा गाँधी ने अपने आप को चुनावी अनियमितों से मुक्त करवा लिया तो बाला साहब ने उन्हें बधाई का पत्र लिखा । उनका नेतृत्व स्वीकार करने की इच्छा प्रकट की लेकिन इंदिरा गाँधी ने कोई जवाब नहीं दिया । तब बालासाहब ने विनोबा भावे को पत्र लिखकर उनसे विनती की कि वे इंदिरा जी से सिफारिश कर बालासाहब को जेल से छुड़ाने और आर.एस.एस पर लगा प्रतिबन्ध उठवाने के लिए कुछ करें।



# क्या इस राजनीतिक दुष्टता की आग में हम अपने बच्चों को, भविष्य को, और देश को जलने देंगे?

इतिहास के सवालों से नहीं टकरा पाते तो ये आर.एस.एस. के सूरमा आस्था की दुहाई देने लगते हैं । आइए इस प्रश्न पर भी विचार करें ।




## सच्ची आस्था का खून करने की साजिश

इन लोगों को हिन्दू धर्म से कोई लगाव नहीं है । सच तो यह है कि ये हिन्दू धर्म का क, ख, ग भी नहीं जानते । जो लोग इन्हें हिन्दू धर्म का हित चिन्तक मान बैठे हैं, वे कृपा इन बातों पर ध्यान दें । विश्व हिन्दू परिषद् का दावा है कि "हिन्दू धर्म में अयोध्या का वही स्थान है, जो इस्लाम में मक्का का है ।" सच्चाई यह है कि हिन्दू धर्म में मक्का सरीखा सर्वोच्च महत्व किसी नगरी को प्राप्त नहीं है। यहाँ कई नगरियाँ एक सी पवित्र मानी जाती हैं । यहाँ तक कि महाभारत के वनपर्व में जब युधिष्ठिर ने नारद से विभिन्न तीर्थों की महिमा जाननी चाही तो नारद ने पुष्कर की महिमा बीस श्लोकों में बखानी और कुरुक्षेत्र की दो सौ आठ श्लोकों में । कोसला नगरी (अयोध्या 'शब्द' का प्रयोग नहीं किया गया है) की महिमा कुल ढाई श्लोक में निबटा दी गयी है । इसके बाद पाण्डव तीर्थ यात्रा पर निकलते हैं । वे प्रयाग जाते हैं, गंगासागर, प्रभास और उत्तराखंड आते है लेकिन अयोध्या नहीं । यानि महाभारत के काल में अयोध्या बहुत महत्वपूर्ण तीर्थस्थान नहीं था, और ये आर.एस.एस. वाले अयोध्या को हिन्दुओं का मक्का बनाने में तुले हुए हैं ।

> "खून की नदियाँ" बहाकर मंदिर बनाने का ढोल पीटने वाली राजनीति से हिन्दू आस्था का दूर का भी नाता नहीं है ।

यह तो महज़ देश के बहुसंख्यक हिन्दुओं के बीच ऐसे डर की भावना पैदा करने की कोशिश है, जिसका न कोई व्यवहारिक आधार है न ऐतिहासिक । धार्मिक आस्था को सांप्रदायिक कट्टरता में बदलने की यह साजिश इसलिए की जा रही है कि देश के बहुसंख्यक लोग इन राजनीतिबाजों को अपना भाग्य विधाता मान लें । और इस तरह दिल्ली की गद्दी आर.एस.एस./भाजपा को हासिल हो जाए । जनता की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर, इतिहास और संस्कृति को तोड़ मरोड़ कर ये लोग सत्ता हथियाना चाहते हैं । इन की "रामभक्ति" और "धर्मप्रेम" की असलियत बस यही है ।



## साजिश का मुँह तोड़ जवाब दें,
## विवाद का हल सच्चाई से करें ।

'जिन राम को हमारी जनता कण – कण में व्याप्त मानती रही है, जिनकी उपासना 'करुणा सुख सागर सब गुन आगर' मानकर की जाती रही है, उन राम का मंदिर नफरत की बुनियाद पर निर्दोषों के रक्त के गारे से नहीं बन सकता ।

राष्ट्रवाद के नाम पर नफरत का प्रचार करने वाले ये संघी दावा करते हैं कि केवल हिन्दू ही देश भक्त हो सकते हैं । गैर हिन्दू होना कम देश भक्त होना है । नफरत का यह राग अलापने के लिए इतिहास को झुठलाना जरुरी है । इसलिए तो संघीसूरमा यह भूल हैं कि बाबर ने राणा सांगा के निमंत्रण पर भारत पर हमला किया था, और पानीपत के मैदान में उसका ला इब्राहीम लोदी ने किया था ।

ये लोग कहते हैं कि चूँकि मुसलमानों के तीर्थस्थल अरब देशों में है, इसलिए वे भारत के प्रति वफादार हो ही नहीं सकते । इस तर्क द्ध धर्म मानने वाले चीनियों, जापानियों की वफादारी भारत के प्रति होनी चाहिए । जो लोग मुसलमानों को इस्लाम के उद्गमस्थल अरब जाने की हिदायत देते हैं, उन्हें चीनियों, जापानियों को भारत बुला लेना चाहिए क्योंकि बौद्ध धर्म का उदय भारत में हुआ था । प्रमुख तीर्थ कैलाश मानसरोवर तिब्बत (चीन) में हैं, तो वहाँ जाकर पुण्य लाभ करने वाले आडवानी जी, वाजपेयी जी, की वफादारी चीन के प्रति जाए ?

इस आन्दोलन के असली इरादों को देखते हुए असली फैसला तो हमें, आपको करना है । यह मसला हिन्दू धर्म या इस्लाम के स्वयंभू ठेकेदारों का नहीं है । किसी राजमाता या किसी इमाम को, किसी महंत या किसी सैय्यद को हक नहीं है कि वह किसी धार्मिक समुदाय को भेड़ों की माफिक हाँकने वाला गड़रिया बन बैठे । हमें और चुप नहीं रहना है, हमारी चुप्पी इन लोगों की साजिश को और ताकत देती है । सांप्रदयिकता विरोधी आन्दोलन की मान्यता है कि सांप्रदायिकता ताकतों का बढ़ाव रोकने की जिम्मेवारी हर देश भक्त नगरिक की है । जब भी किसी प्रकार का सांप्रदायिक तत्व आपको बहकाने आये तो उसका प्रतिरोध कीजिए । धर्म के नाम पर सत्ता का खेल खेलने वालों को यह जता दीजिए कि अब लोग इस खेल के बहकावे में आने वाले नहीं हैं । अपने इलाके में किसी भी सांप्रदायिक प्रचार या हिंसा को न होने देना । यह हमारी आपकी मिली जुली जिम्मेवारी है ।

तब को मिलकर सरकार पर दबाव डालना है कि :

1. विश्व हिन्दू परिषद् को हिन्दूओं का और बाबरी मस्जिद कमेटी को मुसलमानों का ठेकेदार मानना बन्द करें। इस विवाद के हल की किसी भी कोशिश में उन लोगों की भी हिस्सेदारी होनी चाहिए जो इस देश की सहिष्णु परंपराओं पर गर्व करते है। जो राम रहीम को एक दूसरे से भिड़ाने में विश्वास नहीं करते, जो धर्म के नाम पर सत्ता का खेल नहीं खेलते।
2. 'राम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन' कहे जाने वाले इस सत्ता के खेल का न तो कोई ऐतिहासिक आधार है, न सांस्कृतिक । यह विवाद सांप्रदायिक राजनीति की देन है । इसका हल भी राजनीतिक ही हो सकता है । राजनीति के पापों का घड़ा न्यायपालिका के दरवाज़े पर फोड़ना अन्याय है । पहले किसी मामले को करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाला विवाद बनने देना फिर यह समझना कि बस एक फैसले से सब ठीक हो जाएगा । यह बचपना है । विoहिoपo वाले अदालत के प्रति अपनी अवमानना पहले ही जता चुके हैं । ऐसे में सरकार हाथ पर हाथ रखे नहीं बैठी रह सकती । सरकार को चाहिए कि इस मामले पर अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करें ।



यह है, बलिदान के गीत गाने वालों की हिम्मत की असलियत ! दरअसल ये लोग राजनीति के नाम पर जनता को मूर्ख बनाने की साजिशें ही कर सकते हैं । तथाकथित रामजन्म भूमि को मुक्त कराने का अभियान इनकी नवीनतम साजिश है । इरादा यह है कि इस बहाने खुद को हिन्दु वोटों के ठेकेदार बनकर राजसत्ता हथियायी जाए और पैसा कमाया जाए । क्या आपको याद है कि विश्व हिन्दु परिषद ने आपकर का हिसाब देने में हेर फेर किया है । कैसी विडंबना है कि चन्द महीनों की जेलयात्रा में त्राहि–त्राहि बोल उठने वाले, बिहार आन्दोलन और श्री जयप्रकाश नारायण से तोते की तरह आँखे फेर लेने वाले उन रामचंद्र जी का "उद्धार" करने निकले हैं , जिन्होंने चौदह वर्ष का वनवास हँसते–हँसते झेला था । रुपये पैसे तक के मामले में मर्यादाएँ तोड़ने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाने वाले राम का मंदिर बनाने निकले हैं ।

मसला न धर्म का न इतिहास का
खुला खेल है राजनीतिक चालबाज़ का



बाबरी मस्जिद विवाद के बारे में सबसे पहली बात यह कि एक भी ऐतिहासिक सबूत ऐसा नहीं है जिससे मालूम पड़ता हो कि बाबरी मस्जिद रामजन्म भूमि पर बनी हुई है । सबूत के नाम पर आर.एस.एस., विश्व हिन्दू परिषद् वाले बाबरनामा (यानि बाबर की आत्मकथा) के दो अंग्रेजी अनुवाद पेश करते हैं । इस मामले को सिलसिलेवार देखें :–

1. 1813 में अंग्रेज इतिहासकार लेडन ने बाबरनामा के अनुवाद से अनुमान भिड़ाया कि बाबर अयोध्या आया था । बाबर खुद 'अवध' शब्द का इस्तेमाल करता है, जिसमें वास्तव में लखनऊ तक की गिनती होती है । लेडन, अवध और अयोध्या को एक कर देता है। मजे की बात यह है कि लेडन कहीं की रामजन्मभूमि पर बने मंदिर या उसके तोड़े जाने का जिक्र नहीं करता ।
2. 1857 के स्वाधीनतता संग्राम के दौरान लखनऊ का रेजिडेंट स्लीमैन इस विवाद को हवा देने की कोशिश करता है. ताकि जनता की एकता कमज़ोर हो ।
3. 1861 में अंग्रेज अफसर कारनेगी सीधा दावा करता है कि बाबर ने रामजन्मभूमि पर बना मंदिर तोड़ा !
4. 1922 में बेवरिज़ नाम अंग्रेज महिला इस दावे को 'बाबरनामा' के अनुवाद में शमिल कर – पाप का घड़ा बाबर के सिर सीधे–सीधे पटके देती है। बेवरिज कोई ठोस तथ्य नहीं दे पाती । सुनी सुनाई बातों के आधार पर वे इतना ही कहती हैं कि "बाबर ने अयोध्या में मन्दिर तोड़ा होगा" । ध्यान दें, "तोड़ा या नहीं तोड़ा होगा" । इस पर भी ध्यान दें कि बेवरिज ने यह कारनामा खिलाफ़त आंन्दोलन (1922) के तुरन्त बाद किया था । इस आन्दोलन के दौरान हिन्दु मुस्लिम एकता ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे । एकता को तोड़ने की अनेक कोशिशों में से एक थी, बाबरी मस्जिद को विवादास्पद बनाना ।

अंग्रेजों का इरादा तो स्पष्ट था, आर.एस.एस. – विश्व हिन्दु परिषद् का इरादा भी कुछ ढका छिपा नहीं है । ये भी अंग्रेजों की ही तरह जनता की एकता से डरते हैं, इसीलिए फूट के बीज बोते रहते हैं । इन हिन्दुत्व प्रेमियों से कोई पूछे कि क्या उन्नसवीं सदी के पहले एक भी समकालीन हिन्दु या मुसलमान विद्वान, इतिहासकार, कवि या धार्मिक नेता ने रामजन्मभूमि पर बने मंदिर को बाबर द्वारा तोड़े जाने का उल्लेख किया है ? क्या वजह है कि वैसे अंग्रेज इतिहासकारों को कदम – कदम पर कोसने वाले हिन्दुत्व प्रेमी इस मामले में अंग्रेजों द्वारा भिड़ाए गए दुष्टतापूर्ण अनुमानों को ही सबसे बड़ा ऐतिहासिक प्रमाण माने बैठे हैं ?

## इनके बहकावे में न आएँ । स्वयं इन तथ्यों पर विचार करें

ये कहते हैं कि मंदिर 1528 में तोड़ा गया । 1574 में तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना की । इसमें या तुलसीदासजी की किसी भी रचना में इस घटना की तरफ इशारा तक नहीं किया गया है । जबकि कवितावली में तुलसीदासजी ने काशी में पड़ी महामारी का सीधा वर्णन किया है । क्या यह विश्वसनीय लगता है कि कुछ ही बरस पहले रामजन्म भूमि मंदिर तोड़ने जैसी हरकत की गयी हो और परमरामभक्त तुलसीदास इस पर एकदम चुप लगाए रहें ?




तुलसीदास ही नहीं, उस वक्त के किसी भी भक्त या आचार्य ने इस घटना का कतई कोई उल्लेख नहीं किया है । मुगल सत्ता के विरुद्ध लड़ने वालों के लिए भी रामजन्मभूमि कभी कोई मुद्दा नहीं था । कोई बताए कि महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी. छत्रसाल, गुरु गोविन्द सिंह जैसे लोगों ने जिन्हें खुद आर.एस.एस. वाले हिन्दू वीरता के प्रतीक मानते हैं – क्यों नही रामजन्म भूमि को कभी भी मुद्दा बनाया । राजसत्ता के अत्याचारों पर रोष प्रकट करते हुए शिवाजी और गुरु गोविन्दसिंह ने औरंगजेब को जो पत्र लिखे – उनमें भी रामजन्म भूमि का मंदिर तोड़े जाने का कोई उल्लेख नहीं है ।

आधुनिक युग के इतिहासकार, नेता, लेखक और समाज सुधारक भी इस विषय में कुछ नहीं कहते । स्वामी विवेकानन्द हों या दयानन्द सरस्वती, बंकिमचंद्र चटर्जी हों या लोकमान्य तिलक किसी ने भी रामजन्म भूमि मंदिर को तोड़े जाने का उल्लेख नहीं किया है ।







तो क्या यह माना जाए कि ये सब महापुरुष कुछ कम हिन्दू थे और हिन्दू धर्म का सारा ठेका आर.एस.एस. की दुकानों ने ले रखा है । वास्तविकता तो यह है कि स्वयं आर.एस.एस. की भी इस विवाद में 1979 तक खास दिलचस्पी नही थी, तब तक स्थानीय विवाद ही माना जाता था । हद तो यह है कि खुद सावरकार हेडगेवार, गोलवलकर तक ने इस विवाद में कोई खास दिलचस्पी नहीं ली । इसके बाद इन लोगों को लगा कि इस विवाद की आँच पर राजनीतिक स्वार्थ की रोटियाँ सेंकी जा सकती हैं । राम का नाम लेकर राज हथियाया जा सकता है, और शुरु हो गया तथाकथित मुक्ति अभियान ।

3.. झूठ और साजिश के इस तथाकथित आन्दोलन के दबाव में आने का मतलब है – सांप्रदायिक राजनीति के सामने घुटने टेकना । इसका नतीजा देश के भविष्य के लिए विनाशकारी होगा । सरकार को साफ कहना चाहिए कि बाबरी मस्जिद मन्दिर तोड़ कर बनाई गई, इस बात का कोई, कैसा भी आधार नहीं है । इस लिए मस्जिद को तोड़ने या हटाने का कोई औचित्य नहीं है । मंदिर अयोध्या में किसी और जगह बनाया जा सकता है ।

यही एक मात्र न्यायसंगत हल है । इसके पक्ष में जनमत बनाना सरकार की तथा सभी देश प्रेमी लोगों की ज़िम्मेवारी है ।

अपनी इन मांगों को हकीकत में बदलने के लिए 9 से 14 अक्टूबर तक के निम्नलिखित कार्यक्रमों में, आपकी सक्रिय हिस्सेदारी की सख्त ज़रूरत है —

स्थान : शहीद भगत सिंह टर्मिनल,

9 से 12 अक्टूबर तक धरना, भूख हड़ताल, सांप्रदायिकता से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस, नुक्कड़ नाटक, गीत, कविता पाठ, पोस्टर निर्माण आदि।

13 अक्टूबर को 'पाखंड खण्डिनी पताका' कार्यक्रम के तहत विश्व हिन्दू परिषद को बहस की खुली चुनौती।

14 अक्टूबर को बच्चों की सांप्रदायिकता-विरोधी रैली।

सांप्रदयिकता विरोधी आन्दोलन का गठन 1984 के सिख विरोधी नरसंहार की पृष्ठभूमि में हुआ था । यह ऐसे नागरिकों का संगठन है जो सत्ता की राजनीति से एकदम दूर रहते हुए सांप्रदायिकता के खतरे से मुकाबिला करना चाहते हैं । यह संगठन किसी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं हैं । इस की आस्था जनता से सीधा संवाद करने में हैं । इस में बुद्धिजीवी हैं तो श्रमिक भी । छात्र, अध्यापक हैं तो पत्रकारिता, वकालत और डाक्टरी सरीखे पेशों से जुड़े लोग भी । इस संगठन में सभी बराबर की हैसियत के कार्यकर्त्ता हैं । सांप्रदायिकता विरोधी आन्दोलन ने अपनी गतिविधियों में नेता और कार्यकर्त्ता का भेद मिटाने की कोशिश की है ।

आप देश भक्त नागरिक हैं । सांप्रदायिकता का ज़हर हमारे देश को भीतर ही भीतर खोखला कर रहा है । इससे टकराना आप का भी फ़र्ज़ है । कितना अच्छा हो, अगर आप इस परचे का प्रचार करें, कुछ कापियाँ और छपवा कर बाँटे ।

पत्र द्वारा संपर्क करें :– सांप्रदायिकता विरोधी आन्दोलन, 5/24 जंगपुरा बी, नई दिल्ली –110014


कण-कण में
व्यापे हैं राम
मत भड़काओ दंगा
लेकर उनका नाम
सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन

# कण-कण में व्यापे हैं राम
# मत भड़काओ दंगा लेकर उनका नाम !

फ़रवरी 1 1986 को बाबरी मस्जिद पर 43 वर्ष से पड़ा हुआ ताला खोल दिया गया। उस समय भी अयोध्या में कम से कम 5 ऐसे मन्दिर थे जिनके पुजारी बड़े दावे से उनको श्रीरामजी का जन्मस्थान कहते। हज़ारों श्रद्धालु पाँचों में ही माथा टेकते और प्रसन्न हो जाया करते।

पर ताला खुलने के साथ ही, इस बात को लेकर कि बाबरी मस्जिद श्री रामचन्द्र जी के वास्तविक जन्मस्थान पर बने मन्दिर को तोड़कर बनाई गई थी, हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच असुरक्षा, नफरत और हिंसा पैदा करने वालों को खूब मौका मिला। . . . .

मंदिर मस्जिद गिरिजाघर में बाँट लिया भगवान को
धरती बाँटी, सागर बाँटा, मत बाँटो इन्सान को।

"हिन्दू धर्म खतरे में है!"

"मस्जिद तोड़कर मन्दिर बनाएँगे चाहे जान जाए!"

"अखाड़े बनाओ, त्रिशूलें बेचो!"



"इस्लाम खतरे में है!"

"मस्जिद की हर ईंट बचाएँगे चाहे जान जाए!"

"सेना बनाओ, छुरे तेज़ करो!"

और आम इन्सान जो पूजा-पाठ करते हुए नमाज़ पढ़ते हुए ज़िन्दगी बसर करना चाहता है। जो कहता है "भैया वैसे क्या ज़िन्दगी में कम मुश्किलें हैं जो झगड़ा और हो? हिन्दू-मुसलमान अगल बगल तो रहते हैं, मिल बैठकर कुछ हल नहीं हो सकता?"–उसकी आवाज़ दब गई है। क्या आज हिन्दू या मुसलमान नहीं हैं जो खून बहाने को तैयार हों?

## और नतीजा ? . . .

. . . मेरठ में कत्लेआम (1987) . . . . दिल्ली में खून-खराबा . . .
. . मथुरा में दंगे (1988) . और अब कोटा का पहला बड़ा सांप्रदायिक दंगा।
हर बार गरीब मरे, माल का नुकसान हुआ, कर्फ्यू लगा, रोज़गार ठप्प हुआ . . .

यदि साम्प्रदायिक हिंसा के इस सिलसिले को न रोका गया तो यह कत्ल हमारे और आपके गली-मुहल्ले में आ पहुँचेगी

# यह हिंसा बन्द हो!

अभी कुछ दिन पहले विश्व हिन्दू परिषद ने दिल्ली में एक 'विराट हिन्दू सम्मेलन' का आयोजन किया। कई सौ साधुओं ने दिल्ली-भर में घूमकर मस्जिद तोड़कर मन्दिर बनाने के लिए 'मरने-मारने' और 'सड़कों पर खून बहाने' की सीख दी।

हम सबको अपनी संस्कृति से लगाव है, और अपने-अपने विश्वासों में आस्था है। पर क्या यह आज का 'आक्रामक हिन्दुत्व' ही वह हिन्दू धर्म है जो सदियों से इस धरती में रचा-बसा है?



## सत्ता के खेल में रामचन्द्र जी को मोहरा मत बनाओ।

हिन्दू धर्म की सबसे बड़ी विशेषता है-उसने अपने में अनेकों सोच और प्रथाओं को समेटा हुआ है। इसमें वैष्णव हैं तो शैव भी हैं, बजरंग बली के भक्त हैं तो कालीमाता और गणेश जी के भी। हजारों-लाखों देवताओं वाले, नुक्कड़-नुक्कड़ पर मन्दिर बनाने वाले और सैंकड़ों स्थानीय प्रथाओं को मानने वाले हिन्दू धर्म की विविधता और उससे पैदा उसकी सहिष्णुता ही उसकी ताकत हैं।

इसी सहिष्णुता को आज साम्प्रदायिक नेता कमजोरी और कायरता कह रहे हैं। वे चाहते हैं कि हिन्दू धर्ममें भी एक पंथ, एक पुस्तक, एक सत्ता का केन्द्र हो और इस केन्द्र पर उनका अधिकार हो। बरसों से उनकी यह कोशिश नाकाम रही है पर आज उन्होंने रामचन्द्रजी का प्रतीक अपनाया है क्योंकि वे भली-भाँति जानते हैं कि श्री राम ज्यादातर लोगों में आमतौर पर लोकप्रिय हैं। उनके नाम पर वे एक राजनैतिक शक्ति स्थापित करना चाहते हैं। जन्मभूमि के नाम पर साम्प्रदायिक जुनून के घोड़े पर सवार वे संसद पहुँचना चाहते हैं।

जो श्रीरामचन्द्र जी प्रजा का तनिक भी दुख नहीं सह सकते थे और जिनको, अपनी नफरत की भावनाओं से हम अपने दिल के मन्दिर से निकाल रहे हैं क्या वे खून बहाकर बनाये गए मन्दिर में कभी वास करेंगे?



दूसरी ओर आज जो इस्लाम के ठेकेदार बने बैठे हैं वे भी मानो अपनी सारी परंपराओं को छोड़कर हिंसा पर तुले हैं। क्या इस्लाम में यह नहीं कहा गया कि यदि अपने इस ओर या उस ओर २० घरों में कोई भूखा हो तो मुसलमान को भोजन खाने का हक़ नहीं है? आज ये प्रेम और बराबरी की भावनाएँ क्या खूनी दंगों में भुला दी जाएँगी?

जाहिर है कि ये सारे अभियान वोटों और चुनावों के इर्द-गिर्द हैं। कोई अपने "पच्चीस करोड़ हिन्दू वोट बैंक" की बात कर रहा है कोई 'मुस्लिम वोट बैंक' की।

मन्दिर के 'शिलान्यास' की तिथि चुनावों के हिसाब से आगे पीछे करने की बात स्वयं विश्व हिन्दू परिषद के सचिव अशोक सिंहल की है। सारी धार्मिक प्रथाओं को ताक पर रखकर इन लोगों ने अयोध्या में एक कुम्भ तक की घोषणा की है! शुभ-अशुभ घड़ी तक की इन्हें चिन्ता नहीं। इनका सूर्य न उत्तरायण है और न दक्षिणायण, वह केवल चुनावायण है!!




चुनाव के पहले




चुनाव के बाद

सत्ता के लिए साम्प्रदायिक नेता गड़े मुर्दे उखाड़ने, नफरत भरी अफवाहें फैलाने और इतिहास को मनमाने ढंग से पेश करने में जुटे हैं। असलियत तो यह है कि इस विवाद का पहला-पहला ज़िक्र 1860 के बाद ही और वह भी ब्रिटिश दस्तावेज़ों में मिलता है। राजा विक्रमादित्य के मन्दिर या 3 लाख हिन्दुओं के शहीद होने की बातों का कोई ऐतिहासिक आधार नहीं। यदि कोई भव्य राम-मन्दिर उनके समय पर तोड़ा जाता, तो क्या परम राम-भक्त गोस्वामी तुलसीदास (जिन्होंने 'कवितावली' में काशी के अकाल तक का ज़िक्र किया है) इस पर टिप्पणी न करते?

## प्रेम से रहना और साझा संघर्ष — यह भी तो इतिहास है।

इस विवाद को लेकर दोनों ओर से सच्चे-झूठे ऐतिहासिक बातों का ढेर लगाया जा रहा है फिर इस घटना का कोई ज़िक्र क्यों नहीं? —

1857 के विद्रोह से पहले अयोध्या के हिन्दुओं और मुसलमानों ने इस विवाद को हमेशा के लिए हल करने के लिए अमीर अली और रामचरण दास के नेतृत्व में एक समझौता किया। चबूतरे पर पूजा होती, और मस्जिद में नमाज़। इससे ब्रिटिश अधिकारियों को अपने राज के खत्म हो जाने का अंदेशा होने लगा। इसलिए विद्रोह को कुचल देने के बाद उनका पहला कदम था कुबेर टीले पर एक इमली के पेड़ से लटकाकर अमीर अली और रामचरण दास को फाँसी देना। पर यह पेड़ भी इतना पूज्य हो गया कि हिन्दू वहाँ पूजा करते और मुसलमान चादर चढ़ाते। आखिर ब्रिटिश ने उस पेड़ को जड़ से ही काट डाला।

जब कल हमारे बीच साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काने वाले काम करें तो हम इस पेड़ को भी याद रखें। नफरत-भरी अफवाहों पर सवाल उठाएँ, अपनी सच्ची धार्मिक प्रथाओं को पहचानें, और अपने मुहल्ले में मिलजुलकर आने से रहने का अपना बुनियादी अधि-कार मांगें।



साम्प्रदायिकता विरोधी आन्दोलन

साम्प्रदायिकता विरोधी आन्दोलन आम नागरिकों का एक संगठन है जो हर धर्म की साम्प्रदायिकता के खिलाफ़ और इस देश में सभी धर्मों के बराबर सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।


सम्पर्क — दिलीप सिमियन, इतिहास विभाग, रामजस कालेज; पुरुषोत्तम अग्रवाल, हिन्दी विभाग, रामजस कालेज; रंजन राय, अर्थशास्त्र विभाग, हिन्दू कालेज

SAMPRADAYIKTA VIRODHI ANDOLAN

प्रिय मित्र,

Feb. 3, 1992

सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन की गतिविधियों के निरंतर सिलसिले को आज तीन साल पूरे हो गए । अब हम लोगों को अपना चौथा सम्मेलन करना है । आप सहमत होंगे कि यह अपना लेखा-जोखा करने का वक्त है ।

काम तो हमने बहुत किया है, लगातार किया है । और एक काम अभी भी लगातार चल ही रहा है । हमारे साथी नियमित रूप से दो स्कूलों - प्रेजेंटेशन कान्वेंट और सेंट जेवियर्स - में जा कर बच्चों को सांप्रदायिकता के बारे में व्यवस्थित ढंग से जानकारी दे रहे हैं । अब तो कोशिश यह है कि इस तरह के काम को बाकायदा एक पाठ्क्रम का रूप दे दिया जाए । इस सिलसिले में 29 जनवरी को 4 ए राजनिवास मार्ग पर एक बैठक हो भी चुकी है ।

लेकिन क्या इतना पर्याप्त है ?
यह एक सचाई है कि पिछले एक साल में सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन की गतिविधियाँ कम हुई हैं । साथियों की दिल-चस्पी में भी गिरावट आई है । इसकी क्या वजह है ? हो सकता है कि व्यक्तिगत कारण ही हों, लेकिन क्या सबके व्यक्तिगत कारण एक ही साथ प्रबल हो उठे हैं? बात सिर्फ व्यक्तिगत कारणों की ही नहीं है । हमारे काम-काज में ढीलेपन का कुछ संबंध - कन्फ्यूज़न और थकावट के उस माहौल से अवश्य है, जिसने विभिन्न जनवादी राजनीतिक समूहों को पिछले एक साल में ग्रस्त किया है ।

सांप्रदायिकता विरोधी आन्दोलन के भविष्य पर खुली चर्चा और बेधड़क विचार ज़रूरी है, और इस विचार के लिए उपरोक्त माहौल को ध्यान में रखना ज़रूरी है । बेहतर होगा कि हमारा चौथा वार्षिक अधिवेशन इस विचार पर ही केन्द्रित हो । इस इरादे से संगठन समिति ने चौथे - वार्षिक अधिवेशन के विचारार्थ निम्नलिखित दो विषय प्रस्तावित किए हैं :-

(1) राष्ट्र और पहचान का सवाल
(2) सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन का भविष्य ।

यदि आप को लगता है कि सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन को ज़ारी रहना चाहिए तो कृपया इसकी वर्तमान दशा और भविष्य की चिन्ता में सक्रिय दिल-चस्पी लें, अन्यथा यहीं बेधड़क कह दें कि अब सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन की कोई ज़रूरत नहीं रह गयी है ।

चौथा वार्षिक अधिवेशन 29 फरवरी को (शनिवार) करने का इरादा है । इसका स्थान 4 ए राजनिवास मार्ग में सुबह 10 बजे से 5.30 तक होगा ।

हमारी नियमित बैठकें हर शनिवार सांय 4 बजे, 5/24, जंगपुरा "बी" में होती हैं ।

कृपया अगली बैठक में आएँ और इस पत्र में आपके सामने रखे गए मुद्दों पर अपनी राय दें ।

रविकान्त

5/24, Jungpura-B,
New Delhi 110014.

१९४७ का बंटवारा, भाषा का साम्प्रदायीकरण तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा सांप्रदायिकता का राजनीतिक रणनीति के रूप में "व्यावहारिक उपयोग" इन सब ने आज की यह स्थिति लाने में योगदान दिया है। पंजाब की आम जनता द्वारा लोकतांत्रिक मुद्दों के लिए तथा धार्मिक स्थानों को बेईमानी और खूनी तत्वों से साफ करने के लिए छेड़ा जाने वाला जन-आंदोलन ही अन्ततः आतंकवाद को हरा सकता है। आज पंजाब में वामपंथी इसी प्रयत्न में लगे हुए हैं। इसके कार्यकर्ता अपने मूलभूत मानवीय और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा के लिए कठिन संघर्ष में लगे हुए हैं जिसके लिए सभी भारतवासी उनके कृतज्ञ हैं। लेकिन उनका यह संघर्ष अकेले सफल नहीं हो सकता देश के सभी नागरिकों का यह कर्त्तव्य है कि वे जहाँ भी हों, साँप्रदायिकता का विरोध करें। हम सभी को सरकार पर दबाव डालना चाहिए कि वह भारतीय जन प्रतिनिधित्व कानून और भारतीय दण्ड संहिता के विभिन्न प्रासंगिक प्रावधानों पर अमल करे और साँप्रदायिक तत्वों को संरक्षण देने के बजाए उन्हें निकाल बाहर करे।

१३. यह अनिवार्य है कि देश के सामाजिक रूप से जागरुक तथा राजनीतिक रुप से सक्रिय असंख्य नागरिक साँप्रदायिकता के खिलाफ खड़े हों। साँप्रदायिकता का तीव्र विरोध करने की आवश्यकता महसूस करने वाले इन सभी नागरिकों को एक जुट करने के प्रयत्न किए जाने चाहिए। सांप्रदायिक तत्वों का बढ़ते जाना भारतीय राजसत्ता के फाँसीवादी पुनर्गठन का आधार बनेगा तथा भारतीय संविधान में स्थापित लोकताँत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी मूल्यों के लिए गहरा संकट खड़ा हो जाएगा। इसीलिए लोकतन्त्र को जिंदा रखने में जिनकी आस्था है वे सब मिल कर कोशिश करें और साँप्रदायिकता विरोधी आंदोलन चलाने के लिए छोटे-मोटे संकीर्ण मतभेद भुला दें।

१४. सांप्रदायिकता विरोधी आँदोलन इसी दिशा में एक प्रयत्न है। यह आँदोलन सहज धर्म निरपेक्ष, मानवीय आदर्शों के पक्ष में संयुक्त कार्यवाही के लिए जरुरी एकता कायम करने को विचारधारात्मक मतभेदों से अधिक महत्व देगा। इसके संगठन और संघर्ष का स्वरुप कार्य करते हुए ही इस आपसी समझदारी के साथ तय होगा कि यह आँदोलन शाँतिपूर्ण और अहिंसक ही होगा।

N. R. Printers 33/9, Shakti Nagar, Delhi-7

# सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन के संविधान का मसौदा

## प्रस्तावना :

हाल के सांप्रदायिक दंगों के इतिहास ने लोगों पर यह जाहिर कर दिया है कि सांप्रदायिकता के विभिन्न रूपों के खिलाफ एक संगठित एवं सुनियोजित संघर्ष की जरूरत है। ऐसे ही संघर्ष सांप्रदायिक सद्भाव के कार्यक्रमों की जमीन भी होंगे। सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन की स्थापना इसी दिशा में एक कदम है। इसके सिद्धांत और परिपेक्ष्य का दस्तावेज संविधान के परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

## १. स्वरूप एवं गतिविधियाँ :

सां. वि. आं. न तो एक राजनीतिक दल है और न ही किसी राजनीतिक दल का फ्रंट संगठन। इसका लक्ष्य एक जन संगठन का रूप अख्तियार करना है जो सांप्रदायिक सद्भाव जागृत करने के लिए प्रतिबद्ध तो होगा ही, प्रशासन और पूरे समाज में बढ़ती सांप्रदायिक प्रवृत्तियों का भी मुकाबला करेगा। यह अन्य राजनीतिक मुद्दों पर कार्यवाही तथा अन्य संगठनों से संवाद के लिए तत्पर है पर इस क्रम में यह अपने केन्द्रीय उद्देश्य से नहीं भटकेगा।

इसकी गतिविधियाँ अधोलिखित होंगी :–

१. सांप्रदायिकता के प्रति अपनी समझ स्पष्ट तथा ठोस बनाने के लिए अपने औपचारिक ढांचे के अंदर तथा परे, बहस का आयोजन,
२. आम या विशिष्ट नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार के साहित्य का प्रकाशन व वितरण। इसमें परचे, पोस्टर, पत्र–पत्रिकाएं आदि होंगे। अपने दृष्टिकोण को प्रचारित–प्रसारित करने के लिए संचार के दूसरे माध्यमों का भी उपयोग किया जाएगा,
३. जन–चेतना जागृत करने हेतु विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक तथा अन्य प्रचार–परक कार्यक्रमों का आयोजन,
४. प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर बढ़ती सांप्रदायिक प्रवृत्तियों के दमन तथा सां. वि. आ. की मांगों की पूर्ति के लिए जन चेतना का विकास कर सरकार पर दबाव का निर्माण,
५. अपने उद्देश्यों की प्राप्ति तथा विचारों के प्रसार के लिए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा नागरिक अधिकारों के लिए सक्रिय संगठनों से संपर्क स्थापन।

## २. सदस्यता :

सा. वि. आ. की प्राथमिक औपचारिक सदस्यता संविधान के अंगीकृत होने के बाद होगी। सदस्यों को प्रतिज्ञा करनी होगी कि वे मानवतावादी मूल्यों तथा सांप्रदायिक सद्भाव की रक्षा करेंगे तथा ऐसी किसी भी राजनीतिक, सांस्कृतिक या धार्मिक गतिविधि का सक्रिय शांतिपूर्ण प्रतिरोध करेंगे जो नागरिक जन–जीवन व सांप्रदायिक सद्भाव को हानि पहुँचाने वाली, विभिन्न संप्रदायों के बीच कड़वाहट तथा हिंसा फैलाने वाली हों। हमारे सदस्य नाग-

रिकता की धर्माधारित परिभाषा पर आधारित राजनीतिक कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय/प्रांतीय पहचान को संप्रदाय विशेष से जोड़ने वाली अवधारणा के प्रति अपना विरोध भी स्पष्ट रूप से व्यक्त करेंगे।

२. प्राथमिक सदस्यता के अलावा एक "सहयोग–सदस्यता" कोटि भी होगी जिसमें वे नागरिक होंगे जो सां. वि. आ. के उद्देश्यों के प्रति सहानुभूति रखते हैं, पर इसके क्रिया कलापों में बहुत सक्रिय हिस्सा नहीं ले सकते। ऐसे सदस्यों को सां. वि. आ. के प्रति अपनी सहानुभूति की औपचारिक स्वीकृति तथा सां. वि. आ. से यथासंभव सहयोग करने की प्रतिबद्धता जाहिर करनी होगी।

३. सदस्यों से अपेक्षा की जाएगी कि सां. वि. आ. की गतिविधियों—इसके दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन और विवेचन, साहित्य वितरण, शाखा–समितियों तथा वार्षिक सम्मेलनों में साझेदारी–में एक न्यूनतम सीमा तक योगदान करेंगे। परस्पर सहमति के आधार पर वितरित कार्यों का संपादन भी करेंगे। सदस्यता प्रत्येक वर्ष पुनरीक्षित की जाएगी।

४. सदस्यता व्यक्तिगत आधार पर होगी। सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्ति का नाम किसी सदस्य को ही प्रस्तावित करना होगा। सां. वि. आ. का कोई सदस्य, यदि सदस्य बनते समय किसी अन्य सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक संगठन संस्था का सदस्य है; अथवा सदस्य बनने के बाद किसी संगठन/संस्था का सदस्य बनता है, तो उसे सां. वि. आ. को इसकी सूचना देनी होगी। ऐसी सूचना न देने वाले व्यक्ति की सदस्यता निरस्त की जा सकती है।

५. नए सदस्यों के सहयोजन की प्रक्रिया शाखा तथा संयोजन-समितियां निर्धारित करेंगी। नए सदस्यों की सदस्यता के लिए प्रस्तावना का अधिकार तमाम सदस्यों को होगा।

६. सदस्यता निम्नलिखित स्थितियों में निरस्त की जा सकती है :– (क) किसी अन्य संगठन/संस्था से अपना संबंध गुप्त रखने की स्थिति में, (ख) सदस्य बनते समय की गई प्रतिज्ञा को भंग करने पर, तथा (ग) सां. वि. आ. की गतिविधियों में अरुचि जाहिर करने पर। निरस्तीकरण की अनुशंसा कम से कम दो सदस्यों को लिखित रूप में करनी होगी। ऐसी अनुशंसा पर शाखा/संयोजन समिति द्वारा विधिवत विचार किया जाएगा, तथा निर्णय को पुष्टिकरण के लिए वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत किया जाएगा। इस बीच सदस्यता निलंबित समझी जाएगी।

## ३. ढांचा :

सांप्रदायिकता–विरोधी नागरिकों के स्वैच्छिक संगठन की हैसियत से सां. वि. आ. का ढांचा संघीय होगा, शाखा समितियों को सां. वि. आ. के मूलभूत सिद्धांतों के तहत कार्य करने की पूर्ण स्वायत्तता होगी। समितियां दो प्रकार की होंगी :– एक, संस्था/पेशे पर आधारित, दूसरे, आवासीय–क्षेत्र की समितियां। इनके



अलावा, सां. वि. आ. कुछ विशिष्ट वर्गों, जैसे महिलाओं, बच्चों, मजदूर संगठनों, संचार–माध्यमों से संबद्ध लोगों तथा शासकीय कर्मचारियों आदि से मिलकर कार्य के आधार पर अन्य समितियां बना सकता है।

संयोजन समिति विभिन्न उप समितियों और/अथवा व्यक्तियों को विभिन्न जिम्मेदारियां देगी। इनमें वित्तीय मामलों की व्यवस्था, सदस्यता संबंधी तथा अन्य दस्तावेजों की देखभाल तथा प्रकाशन आदि कार्य होंगे।

संयोजन समिति, शाखा समितियाँ या उनसे अलग, सदस्यों की सूचनाएँ रखेंगी जिससे आपसी सहयोग सुचारू रूप से कायम रह सके।

सां. वि. आ. के निर्माण काल में यह संगठनात्मक कार्यों की शुरूआत करेगी। इसमें "वित्त व्यवस्था की देखभाल" और "सदस्यता सूची" आते हैं। संयोजन आदि कार्यों के लिए शाखाओं की रकम का एक खास हिस्सा प्रदेय होगा।

जब कभी जरूरत हो, सांप्रदायिक दुष्प्रभावों वाले मुद्दों पर यह वक्तव्य जारी करेगी। ऐसे आम वक्तव्य शाखाओं को अपनी राय व्यक्त करने से वंचित नहीं करेंगे, बशर्ते ऐसा सां. वि. आ. के मूलभूत सिद्धांतों के तहत किया जाए।

संयोजन समिति पत्र-पत्रिकाओं तथा अन्य शैक्षिक सामग्री प्रकाशन का भी भार वहन करेगी।

संयोजन समिति वार्षिक सम्मेलन के आयोजन के साथ-साथ शाखा-समितियों के संगठन में भी आवश्यक मदद करेगी। अपेक्षित है कि सारी समितियां नियमित तौर पर महीने में कम से कम दो बार मिलेंगी एवं अपने कार्यों तथा सदस्यता का हिसाब–किताब रखेंगी।

संयोजन समिति की सदस्य संख्या २१ तक हो सकेगी, हालांकि आरंभिक दौर में यह १५ तक सीमित है। सम्मेलन की आयोजन समिति १० सदस्यों की एक सूची प्रस्तावित करेगी, अन्य ५ सदस्य सम्मेलन द्वारा प्रस्तावित किए जायेंगे। इस प्रकार स्थापित संयोजन-समिति शेष ६ सदस्यों को आम सहमति के आधार पर सहयोजित करेगी। यदि आवश्यकता पड़ी तो अगले वार्षिक सम्मेलन में शाखा समितियों तथा संयोजन समिति के गठन के विधानों का पुनःपरीक्षण किया जाएगा।

संयोजन समिति दिल्ली के विभिन्न प्रदेशों में सां. वि. आ. की इकाईयों की स्थापना की संभावनाओं का पता लगाएगी। ऐसे क्षेत्रों में सदस्यता-कार्य तुरन्त ही प्रारंभ किया जा सकता है, तत्संबंधी विधान इस वर्ष तय करके अगले वार्षिक सम्मेलन में अंतिम रूप में अंगीकृत कर लिए जाएंगे।

## संशोधन :

संविधान में संशोधन का प्रस्ताव कम-से-कम २० प्राथमिक सदस्यों और/अथवा किसी शाखा-समिति या संयोजन समिति द्वारा ही रखा जा सकता है। संशोधनों का पुष्टिकरण वार्षिक सम्मेलन में उपस्थित प्राथमिक सदस्यों के २/३ बहुमत द्वारा संभव होगा।

## सांप्रदायिकता विरोधी आन्दोलन का परिप्रेक्ष्य

(नई दिल्ली में २१-२२ जनवरी १९८९ को आयोजित संस्थापना सम्मेलन द्वारा स्वीकृत)

१. सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन, सांप्रदायिकता की समस्या के प्रति चिंतित व्यक्तियों का एक समूह है जो १९८४ में बना। इसका उद्देश्य अपनी अधिकतम सामर्थ्य के साथ विशेष रूप से सांप्रदायिकता के विरूद्ध एक चौतरफा संघर्ष छेड़ना है। इस आंदोलन का स्वरूप इतना उदार है कि सांप्रदायिकता के विरूद्ध संघर्ष छेड़ने के इसके व्यापक कार्यक्रम पर आम सहमति रखते हुए इससे जुड़ने वाले सदस्यों को अपने विशिष्ट विचार रखने और मुक्त रूप से व्यक्त करने का अधिकार है। और इस प्रकार इसके विभिन्न सदस्यों के सहयोग से इस आंदोलन को विस्तार मिलेगा। इसका प्रसार सहयोजन की प्रक्रिया से होगा।

२. इस आंदोलन ने विभिन्न व्यक्तियों और विभिन्न ग्रुपों के बीच बहस के माध्यम से एक समझ कायम करने की कोशिश करते हुए अपना कार्य प्रारम्भ किया है। इस प्रक्रिया में यह तथ्य सामने आया है कि यह बहस लम्बे समय तक चल सकती है। लेकिन बहस का लम्बा चलना कार्य में कोई कठिनाई या रुकावट नहीं है बल्कि सांप्रदायिकता के विरूद्ध संघर्ष के लिए यह बहस आवश्यक और दिशा निर्देशक होगी।

३. सांप्रदायिकता को हिन्दू, मुस्लिम और सिख वैमनस्यों में समझने की बजाय सर्वप्रथम सार रूप में एक विशेष मनोवृत्ति और राजनीतिक पद्धति के रूप में समझा जाना चाहिए। सांप्रदायिकता की जड़ें कुछ विशेष दकियानूसी बुद्धिजीवियों की सत्ताकांक्षी लालसाओं और भ्रांतियोंमें तथा लोकतांत्रिक व धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के प्रति उनके सामान्य द्वेष में निहित है। सांप्रदायिक लोग अपनी-अपनी धार्मिक मान्यताओं और परम्पराओं की सर्वाधिक असहिष्णु और कट्टर व्याख्या करके जनता को अपनी ओर मिलाते हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान न तो देशभक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने और न ही किसी और राष्ट्रवादी पार्टी या ग्रुप ने सांप्रदायिकता का सफलतापूर्वक मुकाबला किया जबकि सांप्रदायिकता का हमेशा साम्राज्यवादी हितों के साथ घना रिश्ता रहा है। इसी कमजोरी के कारण सांप्रदायिक मुस्लिम लीग ने देश के एक बड़े भागमें सत्ता हथिया ली (जबकि स्वयं मुस्लिम लीग में पहली ही बार लोकतांत्रिक रूप से मतदान होते ही फूट पड़ गई) तथा कांग्रेस में भी सभी प्रकार के दकियानूसी और सांप्रदायिक तत्वों की घुसपैठ हो गई। यह सब क्यों हुआ और राष्ट्रीय आंदोलन की इस भयंकर भूल के क्या परिणाम हुए हैं? कांग्रेस के समर्थकों और आलोचकों दोनों को ही इन प्रश्नों के वास्तविक उत्तर खोजने चाहिए।

४. भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा में बहुत प्रारम्भ से ही कुछ गड़बड़ है। कई दशकों तक "भारतीयता" की कट्टरपंथी परिभाषाएं प्रचलित रही हैं। इसलिए आज सहज ही यह मान लिया जाता है कि सिख उग्रवाद और मुस्लिम रूढ़िवाद तो राष्ट्र-विरोधी हैं जबकि हिन्दू संप्रदायवाद, राष्ट्रवाद का पर्याय है। वे, जो खालिस्तान और पाकिस्तान की बात करते हैं-- गद्दार है जबकि हिन्दू राष्ट्र की मांग करने वाले देशभक्त हैं। लेकिन न तो हिन्दू सम्प्रदायवाद समस्त हिन्दुओं की सोच है, न कभी थी और न ही खालिस्तान और पाकिस्तान सभी सिखों या सभी मुसलमानों का नारा है। इसलिए हिन्दू संप्रदायवाद को "राष्ट्रवादी" विचार धारा के समकक्ष मान लेना अत्यधिक खतरनाक होगा क्योंकि वास्तव में यह असंख्य भारतीय नागरिकों के विरूद्ध घृणा और द्वेष फैलाता है। हिन्दू राष्ट्र दरअसल भारत के कई और बटवारे करवाने का एक नुस्खा है।

५. यद्यपि भारत में जाति और समुदाय की प्रकृति और उनके गहन ऐतिहासिक महत्व को लेकर मतभेद हैं तथापि संप्रदायवाद के तात्कालिक पहलुओं के प्रति एक मोटा-मोटी सहमति संभव है। राजनीतिक रूप से कहें तो सांप्रदायिकता और फासीवाद के आदिरूप आंदोलनों की गतिविधियों का एक रूप है जिसका उद्देश्य समाज में एकाधिकार वादी प्रवृतियों को फैलाने और सुदृढ़ करने के लिए राजसत्ता का रूपान्तरण करना है। वर्तमान शासक और उनके स्थान पर आने के इच्छुक दोनों ही साम्प्रदायिकता का उपयोग करते हैं। इससे समाज में वे लोकतांत्रिक संस्थाएं नष्ट हो जाएंगी जिन्हें कड़े संघर्ष के बाद हासिल किया गया है। और जिन्हें लेकर अब फासिस्ट और सामाजिक-लोकतांत्रिक शक्तियों में संघर्ष चल रहा है।

६. सांप्रदायिकता को क्यों हम भारतीय फासिज्म के रूप में देखते हैं, इसे संक्षिप्त रूप में यों कहा जा सकता है-- मानवीय विवेक और देशभक्ति के स्थान पर सांप्रदायिकता एक प्रकार का धार्मिक-उन्माद, भावावेश, अविवेक और धर्म पर आधारित राष्ट्रवाद (हिन्दू राष्ट्र, खालिस्तान, पाकिस्तान आदि) की अवधारणा को रखती है। यह एक "आंतरिक शत्रु" निर्धारित कर लेती है (जैसे कि हिटलर ने "यहूदियों" को निर्धारित कर लिया था) और फिर इस शत्रु के प्रति व्यापक घृणा फैलाने को अपना लक्ष्य बना लेती है। इस प्रकार की घृणा को उकसाने वाले ही फिर हिंसक सांप्रदायिक संगठनों के नेता बन बैठते है। बदला लेने की भावना के रूप में सांप्रदायिकता निरपराध लोगों की हत्या को जायज ठहराती है और अपराधियों और राजनेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध कायम करती है। यह राष्ट्रीय अभिमान और नागरिकों के अधिकारों की भावना को सांप्रदायिक ग्रुपों के साथ जोड़ती है जिसके कारण एक उदार

संविधान का वास्तविक आधार अर्थात् धर्मनिरपेक्ष नागरिकता, ही नष्ट हो जाता है । सांप्रदायिकता, राजसत्ता के विभिन्न भागों पर अपना नियंत्रण कायम करने के लिए लोकतांत्रिक संस्थानों और नागरिक स्वतंत्रताओं को इस्तेमाल करती है ताकि इन्हीं लोकतांत्रिक ताकतों और स्वतंत्रताओं को उखाड़ा और नष्ट किया जा सके ।

७. सांप्रदायिकता को कई महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल हुई हैं । भारत का विभाजन इनमें से एक है । लेकिन पाकिस्तान में मजहबी शासन स्थापित हो जाने से जहां एक ओर पाकिस्तान में सामाजिक और राजनीतिक गतिरोध पैदा हुआ वहीं भारत में हिन्दू फासिस्ट ग्रुपों को अपार ताकत मिली और इस प्रकार विभाजन से समस्या सुलझने के बजाए बदतर हो गई । यह स्पष्ट है कि दो राष्ट्रों का सिद्धान्त असफल सिद्ध हुआ लेकिन उप-महाद्वीप में सांप्रदायिक लोग अब भी इससे चिपके हुए हैं । उदाहरण के लिए, हिन्दू रूढ़िवादी यह सीधी सी सच्चाई नहीं समझ पाते कि 'अखण्ड भारत' और 'हिन्दू राष्ट्र' परस्पर विरोधी हैं । इसी प्रकार अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के कार्यकर्ता स्वयं को 'अखिल भारतीय' संस्था कहने में और फिर भी खालिस्तान की मांग करने में कोई विरोधाभास नहीं देखते, न ही वे गुरु नानक के सर्वव्यापक मानव वाद और भिंडरावाले के सांप्रदायिक अलगाववाद और कट्टरपन के बीच का अंतर समझ पाते हैं । तथा, राजनीतिक नेताओं का एक महत्वपूर्ण हलका और जनता के विचारों को बनाने वाले, देश के किसी भी भाग में आंतकवादियों के विरूद्ध कार्रवाई की अपनी मांग के गहरे पाखण्ड को नहीं देख पाते जबकि वे इस तथ्य से आखें मूंद लेते हैं कि १९८४ के कत्लेआम के अपराधी देश की राजधानी में खुले आम घूम रहे हैं । यद्यपि दो-राष्ट्र का सिद्धान्त असफल सिद्ध हो गया है तब भी सांप्रदायिक रवैया बढ़ता जा रहा है और आज कानून और व्यवस्था तथा न्याय के साथ-साथ प्रशासन पर भी सांप्रदायिकता की जकड़ बढ़ती जा रही है ।

८. सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन राष्ट्रवाद की किसी भी सांप्रदायिक परिभाषा को अस्वीकार करता है । यह आंदोलन यह नहीं मानता कि धार्मिक विश्वास अनिवार्य रूप से सांप्रदायिकता की तरफ ले जाता है और न ही यह कि सांप्रदायिकता का विरोध करने के लिए किसी व्यक्ति को नास्तिक ही हो जाना चाहिए । हम नहीं मानते कि 'मुस्लिम राष्ट्र,' हिन्दू' राष्ट्र' या 'खालिस्तान' जैसी धारणाओं में कोई दम है । हमारा आग्रह है कि प्रांतीय स्वायत्तता के प्रश्न को सांप्रदायिक हस्तक्षेप से अलग रखा जाए । भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा कहीं अधिक स्वस्थ होती यदि इसने अपनी जड़ें ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरूद्ध संघर्षरत जनता की साझी विरासत में खोजी होती । हमारा विश्वास है कि सांप्रदायिकता के विरुद्ध संघर्ष में 'लोक धर्म' परम्परा की भी महत्वपूर्ण



भूमिका है ।

९. सांप्रदायिकता की कई जड़ें हैं, कई स्रोत हैं जो इतिहास से लेकर आज की परिस्थितियों के यथार्थ में फैले हुए हैं । यह उस सर्वतोमुखी संकट की प्रतिच्छाया भी है जो पिछले दो दशकों से देश पर गहरा रहा है । जनता के वंचित वर्गों को रूढ़िवादी मुद्दों पर भड़काने के पीछे वही पहले से मौजूद तथा अब नए उभरते हुए स्वार्थी तत्व हैं जो कि राष्ट्रीय विकास के असमान और अन्यायपूर्ण स्वरूप के लिए जिम्मेदार हैं । नौकरशाह, राजनीतिक नेता, जमींदार व पूंजीपतियों के कुछ वर्ग सांप्रदायिक तत्वों को बढ़ावा देते हैं क्योंकि समाजवाद, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक मूल्य लोकप्रिय हो जाने पर जब इनके लिए असुविधाजनक बन जाते हैं तब यही सांप्रदायिक तत्व सांप्रदायिक मुद्दे उठाकर लोगों का ध्यान बटाकर इन्हें बचाते हैं । सांप्रदायिकता राजसत्ता में सैन्यीकरण को बढ़ाने की छूट प्रदान करती है । सांप्रदायिकता इन स्वार्थी तत्वों की राजसत्ता पर जकड़ और अधिक मजबूत कर सकती है । संक्षेप में कहें तो सांप्रदायिकता आर्थिक और राजनीतिक संकटों के भयंकर परिणामों के बावजूद राजनेताओं को संरक्षण प्रदान कर सकती है ।

१०. किन्हीं विशिष्ट समुदायों के प्रति अत्यधिक शत्रुता रखने वाले तथा अत्यधिक असहिष्णु, अविवेकपूर्ण और अमानवीय विचारधाराओं के तहत सामूहिक हत्याकाण्ड को न्यायसंगत ठहराने वाले और स्वयं हत्याएं करवाने वाले आँदोलन फासिस्ट आँदोलन के आरम्भिक रूप कहे जा सकते हैं । राज्य से प्राप्त संरक्षण और सहयोग उन्हें पूरे फासिस्ट आँदोलन का सुगठित रूप दे देता है । ऐसे आँदोलन आज भी हैं और राज सत्ता के राजनीतिक और विचारधारात्मक रूपान्तरण के लिए खुले रुप से प्रयत्नशील हैं । १९८४ के नृशंस हत्यारों को मिली राजक्षमा पर व्याप्त चुप्पी तथा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा किए गए न्यायिक कपट को मिली सामाजिक स्वीकृति यह इंगित करती है कि भारतीय उदारवाद का पतन हो रहा है ।

११. अपने आम लक्ष्यों के अलावा रुढ़िवादी पुनरुत्थान हमेशा "महिलाओं" का दमन करता है । रामजन्म भूमि/मुस्लिम महिला बिल पर दो तरह के रुढ़िवादियों के साथ सरकार की सौदेबाजी इस तथ्य का प्रत्यक्ष उदाहरण है । साँप्रदायिकता विरोधी आँदोलन दृढ़तापूर्वक विश्वास करता है कि साम्प्रदायिकता का विरोध करना समस्त भारतीय महिलाओं के अपने हक में हैं ।

१२. पंजाब में साम्प्रदायिकता का एक लम्बा इतिहास है । एक समय का निष्ठावान गाँधीवादी साम्राज्य विरोधी लोकोन्मुखी अकाली आँदोलन अब एक राष्ट्रीय त्रासदी है ।

# Resist The Fascist Conspiracy

The current situation in the country signifies nothing less than the blatant attempt by right wing communal elements to blackmail the government and state and alter the basic structure of the Consitution.

Goverment of India statements in 1948 and Sardar Patel's own letters of the same period refer explicitly to the 'terrorist', 'anti national', and 'conspiratorial' nature of the RSS and the fact of their involvement in and jubilation after Gandhiji's murder. The RSS has, then and now, attempted to destroy any popular leader of national stature who stands for tolerant, humanistic and secular values. Its campaign to destroy a historical monument and instigate communal violence has already brought state and society to a dangerous turn. Any change in the leadership of the Janta Dal at this crucial juncture will fulfil this nefarious scheme of the communalists. We therefore appeal to all Indian patriots members of all secular democratic parties and groups,and those who still believe in the greatness of the Mahatma, that theysteadfastly resist thepolitics of communalism andthe fascist glorification of violence, expose the RSS/BJP/VHP conspiracy to communalise India and overthrow the Constitution, and support the correct stand taken by the Prime Minister and Government of India in defence of the Indian Constitution.

(1) Shabana Azmi (Actress)
(2) Javed Akhtar (Writer)
(3) Sumit Sarkar (Prof. Delhi University)
(4) Sumit Chakravarty (Mainstream)
(5) Dilip Simeon (Lect Ramjas College)
(6) Puroshottam Agrawal (J.N.U.)
(7) Rajiv Bhargava (J.N.U.)
(8) Tani Sandhu
(9) Namwar Singh (J.N.U.)
(10) Anuradha Chenoy (J.N.U.)
(11) Kamal Mitra Chenoy (J.N.U.)
(12) Bhagwan Josh (J.N.U.)

# फासिस्टी षड्यन्त्र का विरोध करें

देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति से स्पष्ट है कि दक्षिणपंथी साम्प्रदायिक ताकतें संविधान के मूल चरित्र की हत्या करने पर तुल गई हैं। इसीलिये वे खुले आम सरकार को ब्लैक मेल कर रही हैं। 1948 के भारत सरकार के वक्तव्य व तत्कालीन गृहमन्त्री सरदार पटेल द्वारा गोलवालकर और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के नाम लिखे गये पत्रों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बहुत ही स्पष्ट शब्दों में 'राष्ट्रद्रोही', 'आतंकवादी' और 'षड्यन्त्रकारी' संगठन कहा गया है। इन्हीं दस्तावेजों में गांधी जी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मिठाईयां बांट कर खुशियां मनाने का भी स्पष्ट उल्लेख है। तब हो या अब—सहिष्णु, मानवीय और धर्म निरपेक्ष मूल्यों के लिये संघर्ष करने वाले किसी भी राष्ट्रीय स्तर के नेता को एकदम समाप्त कर देने की कोशिश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा की है। एक ऐतिहासिक स्थल को नष्ट करने और साम्प्रदायिक घृणा फैलाने का राष्ट्रीय स्वयंसेवक का अभियान समाज और सत्ता को खतरनाक मोड़ पर ले आया है। इस समय जनता दल के नेतृत्व में परिवर्तन इन लोगों के घृणित इरादे पूरे करने में सहायक ही होगा। इसलिये हम तमाम देशभक्तों, धर्म निरपेक्ष जनवादी पार्टियों और समूहों के सदस्यों से तथा उन लोगों से, जिन्हें महात्मा गांधी जी के आदर्शों में अभी भी विश्वास है, अपील करते हैं कि वे साम्प्रदायिक राजनीति और फासिस्टी हिंसा का महिमा मण्डन का जम कर विरोध करें। संविधान को ध्वस्त कर, समाज का साम्प्रदायिकीकरण करने की भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद् की साजिश का भण्डाफोड़ करें। भारतीय संविधान की रक्षा के लिये प्रधानमंत्री व भारत सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का समर्थन करें।

| | |
|---|---|
| नामवरसिंह (ज० न० वि०) | अनुराधा चिनोय (ज० न० वि०) |
| सुमीत सरकार (दि० वि०) | दिलीप सिमियन (दि० वि०) |
| सुमीत चक्रवर्ती 'मेनस्ट्रीम' | पुरुषोत्तम अग्रवाल (ज० न० वि०) |
| शबाना आजमी (अभिनेत्री) | राजीव भार्गव (ज० न० वि०) |
| जावेद अखतर (लेखक) | तानी सांधू |
| कमल मित्र चिनोय (ज० न० वि०) | भगवान जोश (ज० न० वि०) |

एन० आर० प्रिन्टर्स, ऑफिस-QU-4C, पीतमपुरा, दिल्ली-34 फोन : 7111375

# The Political Abuse of History

## Babri Masjid-Rama Janmabhumi Dispute

Issued By

Sarvapalli Gopal, Romila Thapar, Bipan Chandra, Sabyasachi Bhattacharya, Suvira Jaiswal, Harbans Mukhia, K.N. Panikkar, R. Champakalakshmi, Satish Saberwal, B. D. Chattopadhyaya, R.N. Verma, K. Meenakshi, Muzaffar Alam, Dilbagh Singh, Mridula Mukherjee, Madhavan Palat, Aditya Mukherjee, S.F. Ratnagar, Neeladri Bhattacharya, K.K. Trivedi, Yogesh Sharma, Kunal Chakravarti, Bhagwan Josh, Rajan Gurukkal and Himanshu Ray.

**Centre for Historical Studies**
**Jawaharlal Nehru University, New Delhi-67**

Behind the present Babrimasjid-Rama janma-bhumi controversy lie issues of faith, power and politics. Each individual has a right to his or her belief and faith. But when beliefs claim the legitimacy of history, then the historian has to attempt a demarcation between the limits of belief and historical evidence. When communal forces make claims to "historical evidence" for the purposes of communal politics, then the historian has to intervene.

Historical evidence is presented here not as a polemic or as a solution to the Rama janmabhumi-Babri masjid conflict, for this conflict is not a matter of historical records alone. The conflict emerges from the widespread communalization of Indian politics. Nevertheless it is necessary to review the historical evidence to the extent it is brought into play in the communalization of society.

## I

Is Ayodhya the birth place of Rama? This question raises a related one: Is present day Ayodhya the Ayodhya of Ramayana?

The events of the story of Rama, originally told in the Rama-Katha which is no longer available to us, were rewritten in the form of a long epic poem, the Ramayana, by Valmiki. Since this is a poem and much of it could have been fictional, including characters and places, historians cannot accept the personalities, the events or the locations as historically authentic unless there is other supporting evidence from sources regarded as more reliable by historians. Very often historical evidence contradicts popular beliefs.

According to Valmiki Ramayana, Rama, the King of Ayodhya, was born in the Treta Yuga, that is thousands of years before the Kali Yuga which is supposed to begin in 3102 BC.

i) There is no archaeological evidence to show that at this early time the region around present day Ayodhya was inhabited. The earliest possible date for settlements at the site are of about the eighth century BC. The archaeological remains indicate a fairly simple material life, more primitive than what is described in the Valmiki Ramayana.

ii) In the Ramayana, there are frequent references to palaces and buildings on a large scale in an urban setting. Such descriptions of an urban complex are not sustained by the archaeological evidence of the eighth century B.C.

iii) There is also a controversy over the location of Ayodhya. Early Buddhist texts refer to Shravasti and Saketa, not Ayodhya, as the major cities of Koshala Jaina texts also refer to Saketa as the capital of Koshala. There are very few references to an Ayodhya, but this is said to be located on the Ganges, not on river Saryu which is the site of present day Ayodhya.

iv) The town of Saketa was renamed Ayodha by a Gupta king. Skanda Gupta in the late fifth century A D. moved his residence to Saketa and called it Ayodhya. He assumed the title Vikramaditya, which he used on his gold coins Thus what may have been the fictional Ayodhya of the epic poem was identified with Saketa quite late. This does not necessarily suggest that the Gupta king was a bhakta of Rama. In bestowing the name of Ayodhya on Saket he was trying to gain prestige for himself by drawing on the tradition of the Suryavamsi kings, a line to which Rama is said to have belonged.

v) After the seventh century, textual references to Ayodhya are categorical The Puranas, dating to the first millennium A.D and the early second millennium A.D. follow the Ramayana and refer to Ayodhya as the capital of Koshala. (Vishnudharmottara Mahapurna, 1.240.2)

vi) In a way, the local tradition of Ayodhya recognizes the ambiguous history of its origin. The story is that Ayodhya was lost after the Treta yuga and was rediscovered by Vikramaditya. While searching for the lost Ayodhya,Vikramaditya met Prayaga, the king of tirthas, who knew about Ayodhya and showed him where it was. Vikramaditya marked the place but could not find it later. Then he met a yogi who told him that he should let a cow and a calf roam. When the calf came across the janmabhumi milk would flow from its udder. The king followed the yogi's advice. When at a certain point the calf's udders began to flow the king decided that this was the site of the ancient Ayodhya.

This myth of "re-discovery" of Ayodhya, this claim to an ancient sacred lineage, is an effort to impart to a city a specific religious sanctity which it lacked. But even in the myths the process of identification of the sites appears uncertain and arbitrary.

If present day Ayodhya was known as Saket before the fifth century, then the Ayodhya of Valmiki's Ramayana was fictional. If so, the identification of Rama janmabhumi in Ayodhya today becomes a matter of faith, not of historical evidence.

The historical uncertainty regarding the possible location of the Rama-janmabhumi contrasts with the historical certainty of the birth-place of the Buddha. Two centuries after the death of the Buddha, Asoka Maurya put up an inscription at the village of Lumbini to commemorate it as the Buddha's birth-place. However, even in this case, the inscription merely refers to the village near which he was born and does not even attempt to indicate the precise birth place.

II

Ayodhya has been a sacred centre of many religions, not of the Rama cult alone. Its rise as a major centre of Rama worship is, in fact, relatively recent.

i) Inscriptions from the fifth to the eighth centuries A.D. and even later refer to people from Ayodhya but none of them refer to its being a place associated with the worship of Rama. (Epigraphica Indica, 10. p.72; 15. p.143; 1. p.14)

ii) Hsuan Tsang writes of Ayodhya as a major centre of Buddhism with many monasteries and stupas and few non-Buddhists. For Buddhists Ayodhya is a sacred place where Buddha is believed to have stayed for some time.

iii) Ayodhya has been an important centre of Jain pilgrimage. To the Jains it is the birth place of the first and fourth Jaina Tirthankaras. An interesting archaeological find of the 4th—3rd century B.C. is a Jaina figure in grey terracotta, being amongst the earliest Jaina figures found so far.

iv) The texts of the eleventh century A.D. refer to the Gopataru tirtha at Ayodhya, but not to any links with the janmabhumi of Rama.

v) The cult of Rama seems to have become popular from the thirteenth century. It gains ground with the gradual rise of the Ramanandi sect and the composition of the Rama story in Hindi.

Even in the fifteenth and sixteenth centuries Ramanandis had not settled in Ayodhya on a significant scale. Shaivism was more important than the cult of Rama. Only from the eighteenth century do we find the Ramanandi sadhus settling on a large scale. It was in the subsequent centuries that they built most of their temples in Ayodhya.

III

So far no historical evidence has been unearthed to support the claim that the Babri mosque has been constructed on the land that had been earlier occupied by a temple.

i) Except for the verses in Persian inscribed on the two sides of the mosque door, there is no other primary evidence to suggest that a

mosque had been erected there on Babur's behalf. Mrs Beveridge, who was the first to translate *Babur Nama*, gives the text and the translation of these above verses in an appendix to the memoirs. The crucial passage reads as follows: "By the command of the Emperor Babur, whose justice is an edifice reaching up to the very height of the heavens, the good hearted Mir Baqi built the alighting place of angels. *Bawad* [*Buwad*] *khair baqi* (may this goodness last for ever)". (*Babur Nama*, translated by A.F. Beveridge, 1922, II, pp. LXXVII ff)

The inscription only claims that one Mir Baqi, a noble of Babur, had erected the mosque. Nowhere does either of the inscriptions mention that the mosque had been erected on the site of a temple. Nor is there any reference in Babur's memoirs to the destruction of any temple in Ayodhya.

ii) The *Ain-i-Akbari* refers to Ayodhya as "the residence of Ramachandra who in the Treta age combined in his own person both spiritual supremacy and kingly office". But nowhere is there any mention of the erection of the mosque by the grandfather of the author's patron on the site of the temple of Rama.

iii) It is interesting that Tulsidas, the great devotee of Rama, a contemporary of Akbar and an inhabitant of the region, is upset at the rise of the mleccha but makes no mention of the demolition of a temple at the site of Rama janmabhumi.

iv) It is in the nineteenth century that the story circulates and enters official records. These records were then cited by others as valid historical evidence on the issue.

This story of the destruction of the temple is narrated, without any investigation into its historical veracity, in British records of the region. (See P. Carnegy, Historical sketch of Tehsil Fyzabad, Zillah Fyzabad, Lucknow, 1870; H.R. Nevill, Faizabad District Gazetteer, Allahabad, 1905).

Mrs Beveridge in a footnote to the translated passage quoted above affirms her faith in the story. She suggests that Babar being a Muslim, and "impressed by the dignity and sanctity of the ancient Hindu shrine" would have displaced "at least in part" the temple to erect the mosque. Her logic is simple: " . . like the obedient follower of Muhammad he was in intolerance of another Faith, (thus he) would regard the substitution of a temple by a mosque as dutiful and worthy". This is a very questionable inference deduced from a generalized presumption about

the nature and inevitable behaviour of a person professing a particular faith. Mrs Beveridge produces no historical evidence to support her assertion that the mosque was built at the site of a temple Indeed the general tenor of Babur's state policy towards places of worship of other religions hardly justifies Mrs Beveridge's inference.

To British officials who saw India as a land of mutually hostile religious communities, such stories may appear self-validating. Historians, however, have to carefully consider the authenticity of each historical statement and the records on which they are based.

While there is no evidence about the Babri mosque having been built on the site of a temple, the mosque according to the medieval sources, was not of much religious and cultural significance for the Muslims.

The assumption that Muslim rulers were invariably and naturally opposed to the sacred places of Hindus is not always borne out by historical evidence.

i) The patronage of the Muslim Nawabs was crucial for the expansion of Ayodhya as a Hindu pilgrimage centre. Recent researches have shown that Nawabi rule depended on the collaboration of Kayasthas and their military force was dominated by Shivaite Nagas. Gifts to temples and patronage of Hindu sacred centres was an integral part of the Nawabi mode of exercise of power. The dewan of Nawab Safdarjung built and repaired several temples in Ayodhya. Safdarjung gave land to the Nirwana akhara to build a temple on Hanuman hill in Ayodhya. Asaf-ud-Daulah's dewan contributed to the building of the temple fortress in Hanuman hill in the city. Panda records show that Muslim officials of the nawabi court gave several gifts for rituals performed by Hindu priests.

ii) In moments of conflict between Hindus and Muslims, the Muslim rulers did not invariably support Muslims. When a dispute between the Sunni Muslims and the Naga Sadhus over a Hanumangarni temple in Ayodhya broke out in 1855, Wajid Ali Shah took firm and decisive action. He appointed a tripartite investigative committee consisting of the district official Agha Ali Khan, the leading Hindu landholder, Raja Mansingh, and the British officers in charge of the Company's forces. When the negotiated settlement failed to control the build up of communal forces, Wajid Ali Shah mobilized the support of

Muslim leaders to bring the situation under control, confiscated the property of Maulavi Amir Ali, the leader of the Muslim communal forces, and finally called upon the army to crush the Sunni Muslim group led by Amir Ali. An estimated three to four hundred Muslims were killed.

This is not to suggest that there were no conflicts between Hindus and Muslims, but in neither case were they homogeneous communities. There was hostility between factions and groups within a community, as there was amity across communities

The above review of historical evidence suggests that the claims made by Hindu and Muslim communal groups can find no sanction from history. As a sacred centre the character of Ayodhya has been changing over the centuries. It has been linked to the history of many religions. Different communities have vested it with their own sacred meaning, The city cannot be claimed by any one community as its exclusive sacred preserve.

The appropriation of history is a continual process in any society. But in a multi-religious society like ours, appropriations which draw exclusively on communal identities engender endless communal conflicts. And attempts to undo the past can only have dangerous consequences.

It is appropriate, therefore, that a political solution is urgently found: "Rama janmabhumi-Babri Masjid" area be demarcated and declared a national monument.

# मानस सामप्रदायिक्ता विरोधी आंदोलन का बुलेटिन

अंक 1 दिसम्बर 1990

## अपील

साम्प्रदायिकता विरोधी आन्दोलन की आम सभा ने देश की वर्तमान स्थिति पर विचार करने के वाद सभी देश-भक्त और जनवादी लोगों के नाम यह अपील जारी की है। यह आम सभा १० नवम्बर, १९९० को ३५ फिरोजशाह रोड़ में आयोजित की गयी थी। हम सभी से अपील करते हैं कि फासिस्ट चरित्र के सांप्रदायिक आन्दोलन के बारे में हमारी चेतावनी पर ध्यान दें। १९८४ में दिल्ली से लेकर १९८९ में भागलपुर तक के अपराधियों को दंडित करने में असफलता के परिणाम स्वरूप राज्य की वैधता खतरनाक ढंग से कम हुई है। हमने लगातार ऐसी स्थितियों की भर्त्सना की है। इसके साथ हो हम हिज्बुल मुजाहिदीन और खालिस्तान जैसे आन्दोलनों के उभार की भी लगातार निन्दा करते रहे हैं। देश भर में मुसलमानों के खिलाफ नफरत का फासिस्ट वातावरण बनाने के इरादे से की जा रही विश्व हिन्दू परिषद/राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ/भारतीय जनता पार्टी की हरकतों की भी हमने सदा निन्दा की है। अयोध्या विवाद के मामले में हमारा सदा से यह मानना रहा है कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गढ़ा हुआ राजनीतिक षडयंत्र है। इसीलिए हमने विश्व हिन्दू परिषद और बाबरी मस्जिद कमेटी दोनों के अपने-अपने संप्रदाय होने के दावों को हमेशा नकारा है। आज स्थिति और भी गंभीर है। वातावरण में हिंसा घोलने के सोचे समझे इरादे से इन दिनों अत्यंत आपत्तिजनक कैसेटों, परचों और अन्य माध्यमों द्वारा सांप्रदायिक विषवमन किया जा रहा है।

हम समूचे राष्ट्र को, सारे जनवादी तत्वों को आगाह करना चाहते हैं कि इस वक्त फासिस्ट लोग राजसत्ता हथियाने को पूरी कोशिश कर रहे हैं। आर.एस.एस./भाजपा ने राष्ट्र की साम्प्रदायिक परिभाषा लागू करने के इरादे से भारतीय संविधान पर ही इसे "छद्म रूप से धर्म निरपेक्ष" बताते हुए हमला बोल दिया है। उनका "हिन्दू राष्ट्र" स्वयं हिन्दू जनता के लिए वैसा ही साबित होगा, जैसा कि पाकिस्तान की तानाशाही वहां के लोगों के लिए साबित हुई है। हिन्दू धर्म भावना से इस "हिन्दू राष्ट्र" के नारे का कतई कोई सम्बन्ध नहीं है। "हिन्दू राष्ट्रवादियों" का शासन वस्तुतः समाज में सबसे ज्यादा अपराधिक तत्वों का ही राज होगा। मानव जीवन और जनवादी अधिकारों के प्रति इन लोगों का रवैया ठीक वैसा ही है, जैसा कि हिज्बुल-मुजाहिदीन और खालिस्तानवादियों का।

हम सभी राजनीतिक नेताओं और सरकारी अधिकारियों से आग्रह पूर्वक मांग करते हैं कि वे जिम्मेवार ढंग से काम करें और विहिप/भाजपा/आरएसएस. जैसे संगठनों के खिलाफ कड़े कदम उठायें। ये संगठन खुले आम व्यवस्थित रूप से देश का कानून तोड़ रहे हैं। भाषणों, पर्चों कैसेटों के जरिए साँप्रदायिक हिंसा भड़का रहे हैं। हम याद दिलाना चाहते हैं कि भारतीय दंड संहिता की धारा १५३ में ऐसी गतिविधियों को अपराध माना गया है। हम अशोक सिंघल द्वारा १४ नवम्बर १९९० को पुलिस और सुरक्षा वल कर्मचारियों को दी गई धमकी की निन्दा करते हैं। भारतीय संविधान के प्रति इन सुरक्षा बलों की निष्टा नष्ट करने के विहिप/भाजपा/आरएसएस के प्रयत्नों की भी हम निन्दा करते हैं। हम शासन से मांग करते हैं कि हर प्रकार के सांप्रदायिक रूझानों के खिलाफ बिना दोहरे मानदण्ड अपनाए कड़ी और कानूनसम्मत कार्यवाही की जाए।

अयोध्या स्थित बावरी मस्जिद हमारी पुरातात्विक और सांस्कृतिक विरासत का अंग है, इसे यथावत सुरक्षित रखा जाना चाहिए। फासिस्ट उभारों के दवाव में आकर इसके साथ कोई छेड़छाड़ करना केवल सरकार के लिए ही नहीं समूचे देश समाज व संस्कृति के लिए आत्मघातक होगा। सांप्रदायिकता का असली लक्ष्य संस्कृति ही है। सांप्रदायिक ताकतें संवाद और साहिष्णुता की संस्कृति को नष्ट कर आतंक और घृणा की राक्षसी संस्कृति का निर्माण करना चाहती है। इसलिए संस्कृति कर्मियों केलिए तो सांप्रदायिकता की चुनौती और भी विकट हो उठी है। इस चुनौती का मुकाबला केवल विचारधारात्मक स्पष्टता और बहुमुखी कार्यवाही के जरिए ही किया जा सकता है।

सांप्रदायिकता विरोधी आंदोलन का तीसरा वार्षिक सम्मेलन ९, १०, व ११ फरवरी को प्रस्तावित है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य को सामने रखते हुए हम इस सम्मेलन में सांप्रदायिकता विरोध की विस्तृत रणनीति पर चर्चा करेंगें। इस चर्चा को अधिक फलप्रद बनाने के लिए आपकी हिस्सेदारी एकदम आवश्यक है। अत: निवेदन यह है कि उपरोक्त परिप्रेक्ष्य के बारे में, तथा साथ में संलग्न कार्ययोजना के मसविदे के बारे में अपने सुझावों तथा प्रतिक्रियाओं से हमें तुरन्त अवगत कराएं।

# राष्ट्रीय सम्मेलन

**स्थान 23, राज निवास मार्ग, लुड़लो कासल बस अड्डे के पास, अन्तर राष्ट्रीय बस टर्मिनल के पास**

9 फरवरी :—सुबह का सत्र : अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा रपटें।

दोपहर का सत्र : रपटों से उभरे हुये मुद्दों पर।

10 फरवरी :—सुबह का सत्र : परिप्रेक्ष्य प्रस्ताव पर बहस।

दोपहर का सत्र : राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन एवं भविष्य की कार्यनिति पर निर्णय।

11 फरवरी :—भारतीय जनता पार्टी के मुख्य कार्यालय पर प्रदर्शन एवं घरना। उनको 'आरोप-पत्र' पेश किया जाऐगा। आरोप पत्र का प्रेस में वितरण।

नोट :—बाहर से आने वाले साथियों के लिए पूर्व सूचना पर रहने का इन्तजाम किया जा सकता है।

# सा. वि. आ. : इतिहास

**1984** गठन :

**1984–88** (**i**) गोष्ठी, आम सभा, गुट के अन्तर्गत विस्तृत चर्चा अन्य गुटों एवं संगठनों से संवाद ।

(**ii**) शहीद भगत सिंह दिवस को प्रतीक मानते हुए साम्प्रदायिकता विरोधी जुलूस ।

(**iii**) तमस धारावाहिक के हक में और कौमवाद के खिलाफ एकात्मता जाहिर करने के लिए आम सभा ।

नवम्बर **1988** : पी. यू. डी. आर. के साथ सामूहिक बैठक इसमें सा.वि.आ. के औपचरिक गठन की माँग उठी ।

जनवरी **1989** : स्थापना सम्मेलन : सा. वि. आ. संविधान पारित हुआ । सविधान के कुछ मुख्य पक्ष :—

(**i**) सा.वि.आ. एक साम्प्रदायिकता विरोधी संगठन है । इसकी सदस्यता सभी साम्प्रदायिकता विरोधी व्यक्तियो के लिए खुली है । कार्यवाहियों के संचालन के लिए वार्षिक अधिवेशन में संचालक समिति का गठन किया जाएगा ।

(**ii**) सा.वि.आ. की साम्प्रदायिकता के मूल कारणों और प्रचार पर समझ और पंजाब, राम जन्म भूमि शाहबानो, काँग्रेस पार्टी आदि के प्रति धारणा ।

**30** जनवरी **1989** : शहादत दिवस, पुरानी दिल्ली में साम्प्रदायिकता विरोधी जुलूस । राष्ट्रपति को बढ़ती हुई, साम्प्रदायिक हिंसा के खिलाफ ज्ञापन ।

मार्च **1989** दिल्ली से मेरठ तक पदयात्रा ।

**23** मई **1989** : मलियाना दिवस । जन सम्पर्क कार्यक्रम जिसमें सरकारी तन्त्रों के बढ़ते हुऐ साम्प्रदायीकरण की निन्दा करते हुऐ दोषी पुलिस एवं अन्य सरकारी कर्मियों को सजा देने की मांग । साम्पदायिकता से पीड़ित लोगों के साथ एकात्मता प्रकट । पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली मे नाटक ।

**15** अगस्त **1989** : लाल किले पर पर्चे बाँटे । इसमें आज की साम्प्रदायिक स्थिति को '**47** के बंटवारे के सन्दर्भ में दर्शाया ।

**2–12** अक्टूबर **1989** : फिरोजशाह कोटला पर धरना और भूख हड़ताल, **1.25** लाख पर्चों का वितरण । नरेला, तिलक विहार, मदनगीर आदि में जन सम्पर्क अभियान ।

**1** नवम्बर **1989** : राष्ट्रीय शर्म दिवस **1984** के सिख विरोधी नरसंहार के दोषियों को सजा देने की मांग ।

**27–28** जनवरी **1989** : राष्ट्रीय सम्मेलन

—पंजाब, अयोध्या, जम्मू और काश्मीर पर प्रस्ताव

—साम्प्रदायिकता विरोधी कार्यशैली, हिंसा धर्म और साम्प्रदायिकता एवं धार्मिक प्रतीकों के इस्तेमाल पर परिचर्चा । झाँसी, भागलपुर, अजमेर, जयपुर, इन्दौर सहारनपुर आदि से आऐ साथियों ने रपटें पढ़ी ।

—सम्पर्क समिति का गठन ।

फरवरी **1990** : अन्य शहरी संगठनों के साथ गोष्ठी इसमें हिन्दू साम्प्रदायिकता के प्रचार में इस्तेमाल प्रमाणों एवं तर्कों का खण्डन और जबाव ।

मार्च **1990** : काश्मीर पर गोष्ठी ।

जून **1990** जहांगीरपुरी में जन सम्पर्क अभियान की शुरुआत ।

सितम्बर **1990** : साम्प्रदायिक अनुभवों एवं साम्प्रदायिकता विरोधी संघर्षों पर फिल्मों का प्रदर्शन ।

अक्टूबर **1990** : हफ्ते भर का धरना । नाटक एवं आम सभा । आर०एस०एस०/वि०हि०प०/ भा०ज०पा० को पाखण्ड खण्डिनी पताका रुपी बहस का खुला दावा । रथ यात्रा के खिलाफ लाल किले तक जुलूस ।

## कुछ साम्प्रदायिकता विरोधी नारे :

बच्चा–बच्चा यही कहेगा,
खून किसी का नहीं बहेगा।
कण कण में व्यापे राम,
मत भड़काओ दंगा लेकर उनका नाम
मसला न धर्म का, न इतिहास का,
खुला खेल है राजनितिक चालबाज का
जिसके दिल में प्यार नहीं
वही मन्दिर वहां बनाऐगा,
फिटकापरस्ती हो बर्बाद हो, बर्बाद।
देश की जनता भूखी है,
धर्म की राजनीति झूठी है।
न तर्क है, न सबूत है,
फिर भी उनको गर्व है।
न हिन्दू राष्ट्र न खालिस्तान,
राज करेगा मज़दूर किसान।

**एक आग्रह :—**

यह बात कई बार कही गई है लेकिन इसे कहने की पुनः आवश्यकता है। पत्राचार महंगा है, हमारे कार्य-कलाप को चलाने के लिए व्यक्तिगत आर्थिक अनुदान अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। आपका पत्रोत्तर, कि इस बुलेटिन का आप इस्तेमाल कर सकते हैं, बुलेटिन की सार्थकता बढ़ाएगा।

पत्र द्वारा सम्पर्क के लिए :—
**5/24, जंगपुरा 'बी'**
**नई दिल्ली-110014**

गौरव प्रिन्टर्स, २१०/४६, राजेन्द्र नगर, इण्डस्ट्रीयल एरिया, (दास फंक्ट्री के सामने) साहिबाबाद गाजियाबाद।